Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 190 | शनिवार , 12 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आज 47 जगह 16वां रोजगार मेला

# पीएम नरेंद्र मोदी बांटेंगे 51000+ नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली।

रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 16वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जुलाई को 16वें रोजगार मेले के आयोजन के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटेंगे। कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को सुबह करीब 11 बजे होगा। प्रधानमंत्री इस अवसर पर विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्ति पाने वालों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित करेंगे। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट किया,



जिसमें उन्होंने कहा, 'हम एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवा मित्रों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प हैं। इसी कड़ी में, 12 जुलाई को सुबह 11 बजे, मैं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये एक और रोजगार मेले में हिस्सा लूंगा, जहां हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।' पत्र सूचना कार्यालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, रोजगार मेले का आयोजन रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 16वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। बयान के मुताबिक, ये नियुक्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं। देशभर से चुने गए नवनियुक्त कर्मचारी रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय सहित अन्य विभागों और मंत्रालयों का हिस्सा बनेंगे। देश भर में रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं।

## रक्षा मंत्री ने एनसीसी के पूर्व कैडेटों के साथ की बैठक

# बोले- इनके मार्गदर्शन से राष्ट्रीय विकास के लक्ष्य को मिलेगी गति




नई दिल्ली।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर पूर्व छात्र संघ (एनसीसीएए) की पहली शासी परिषद बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि पूर्व कैडेटों के मार्गदर्शन से राष्ट्रीय विकास के लक्ष्य को गति देने में मदद मिल सकती है। एनसीसीएए, एनसीसी के पूर्व छात्रों का एक प्रमुख संघ है, जिसका उद्देश्य पूर्व और वर्तमान कैडेटों को एक मंच पर लाकर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाते हुए दुनिया के सबसे बड़े वदीर्धारी युवा संगठन के कार्य को आगे बढ़ाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस संघ के पहले सदस्य और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दूसरे सदस्य के रूप में पंजीकृत हैं। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर एनसीसी को देश के युवाओं के लिए एक आदर्श मंच बताया। उन्होंने पूर्व एनसीसी कैडेटों को भारत के मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत रहते हुए वे राष्ट्र के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्रीय विकास के लक्ष्य को गति देने के लिए अपने पूर्व कैडेटों के मार्गदर्शन को शामिल करने की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एनसीसीएए राष्ट्रीय कैडेट कोर को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा। रक्षा मंत्री ने एनसीसी से अपने कैडेटों के मूल्यों और गुणों को समाज के बड़े वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी इन मूल्यों को उन युवाओं में स्थापित करती है जो एनसीसी से जुड़े हैं। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि ये मूल्य उन लोगों तक पहुंचें जो एनसीसी में शामिल नहीं हो सके।

## निकाय चुनाव में 42 फीसदी आरक्षण लागू करेगी सरकार

हैदराबाद।



तेलंगाना सरकार ने स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने स्थानीय निकायों में आरक्षण संबंधी 2018 के कानून में संशोधन के लिए अध्यादेश लाने का भी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में 19वीं राज्य कैबिनेट बैठक गुरुवार, 10 जुलाई को डॉ. बीआर अंबेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय में आयोजित की गई। इस बैठक में यह फैसला लिया गया। बता दें कि तेलंगाना के स्थानीय निकाय चुनाव में 42 फीसदी आरक्षण लागू करने के लिए सरकार को 2018 में पारित अधिनियम में बदलाव करना होगा। इसके लिए विधानसभा में अध्यादेश लाया जाएगा। यहां से अध्यादेश पारित होने के बाद ही कानून में बदलाव होगा और 42 फीसदी आरक्षण का रास्ता साफ होगा।

## 'टेकऑफ के कुछ सेकंड में ही बंद हो गए थे दोनों इंजन'

नई दिल्ली।

12 जून को अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया ड्रीमलाइनर हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट जारी कर दी गई है और इस रिपोर्ट के मुताबिक, उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद विमान के दोनों इंजन हवा में बंद हो गए थे, जिसके बाद यह बड़ा हादसा हुआ। वहीं, रिपोर्ट से पहले इस बात को लेकर संदेह जताया जा रहा था, अब रिपोर्ट आने के बाद इस बात की पुष्टि हो गई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि कॉकपिट की वॉयस रिकॉर्डिंग में, एक पायलट को यह पूछते हुए सुना जा सकता है, ₹आपने कटऑफ क्यों किया ₹ और दूसरे पायलट का जवाब है, ₹मैंने नहीं



किया₹। यही आगे की जांच का मुख्य केंद्र बिंदु होने की उम्मीद है। बड़ी बात यह है कि क्या पायलट ने इंजन को बंद करने का निर्णय जानबूझकर लिया था या यह सब अनजाने में हुआ था। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे की अपनी जांच पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोग मारे गए थे और केवल एक ही बच पाया था। 12 जून को, अक171 विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक के लिए रवाना हुआ, लेकिन विमान - बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर - उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक यात्री को छोड़कर सभी की मौत हो गई। विमान हवाई अड्डे के पास एक इमारत से टकराया और इस दुर्घटना में कुल 260 लोगों की मौत हो गई, जो हाल के इतिहास में भारत के सबसे घातक विमान हादसों में से एक था।

## ईरान रच रहा है ट्रंप को निशाना बनाने की साजिश



तेहरान।

> तेहरान के धार्मिक नेता शिराजी ने जारी किया फतवा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश की ओर ईरान के शीर्ष अधिकारी रहे व्यक्ति ने इशारा किया है। एक समय ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार रहे मुहम्मद जवाद लारीजानी ने संकेत दिया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति पर उस समय ड्रोन हमला हो सकता है जब वह फ्लोरिडा स्थित अपने रिजार्ट मार-अ-लागो में सनबाथ का आनंद ले रहे होंगे। उस समय उनका पेट आकाश की ओर होगा और उसी समय ईरान का छोटा सा ड्रोन उनकी नाभि को निशाना बना सकता है। साजिश की जानकारी ईरान पर अमेरिकी हमले के करीब दो हफ्ते बाद आई लारीजानी ने यह बात एक ईरानी टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कही है। इस साजिश की जानकारी ईरान पर अमेरिकी हमले के करीब दो हफ्ते बाद आई है। इस हमले में अमेरिका ने ईरान के फोर्डो, नातांज और इस्फहान परमाणु संयंत्रों को निशाना बनाया था। इस ईरानी साजिश की चर्चा सामने आने पर ट्रंप ने कहा कि उन्हें पता है कि यह केवल धमकी नहीं है, ऐसा करने की कोशिश हो सकती है।

## शाह बीजेपी कार्यालय का उद्घाटन करेंगे

# आज से निकाय चुनाव प्रचार अभियान का आगाज

तिरुवनंतपुरम।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कन्नूर जिले के दौरे से पहले वहां हवाईअड्डे के आसपास ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून या किसी अन्य मानवरहित हवाई यान के इस्तेमाल पर तीन दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज तिरुवनंतपुरम में भाजपा राज्य समिति के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए पार्टी के अभियान की शुरूआत करेंगे। प्रदेश कार्यालय का औपचारिक उद्घाटन शनिवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। शाह कार्यालय भवन पर पार्टी का झंडा फहराएंगे और एक पौधा भी लगाएंगे। ऐसे में राज्य में सुरक्षा तेज कर दी गई है। इस बाबत कन्नूर में हवाईअड्डे के आसपास ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून या किसी अन्य मानवरहित हवाई यान के इस्तेमाल पर तीन दिनों के लिए प्रतिबंध



लगा दिया। पार्टी ने यहां एक बयान में कहा कि समारोह के तहत शाह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिवंगत केजी मारार की कांस्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस प्रतिमा को नए भवन के केंद्रीय कक्ष में स्थापित किया गया है। इस दौरान पुथारीकंदम मैदान में एक बड़ी वार्ड-स्तरीय नेतृत्व बैठक होगी, जिसका उद्घाटन भी गृह मंत्री करेंगे। बयान में कहा गया है कि तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथनमथिट्टा और अलप्पुझा राजस्व जिलों के 5,000 वार्ड समितियों के लगभग 25,000 जमीनी स्तर के नेताओं के इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से शामिल होने की उम्मीद है।

भाजपा को उम्मीद है कि कुल मिलाकर लगभग 1.5 लाख लोग ऑनलाइन तरीके से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## एनसीआर में ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया पर पटाखों की बिक्री पर रोक

नई दिल्ली।

दिल्ली पुलिस ने पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने के लिए ये निर्देश दिए हैं। दिल्ली पुलिस ने ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों की लिस्टिंग और डिलीवरी तुरंत बंद करें। दिल्ली पुलिस ने पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने के लिए ये निर्देश दिए हैं। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने लिखित संदेश में सभी ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर प्रतिबंध का पालन करने के लिए कहा है। इन प्लेटफॉर्म्स को पटाखों से जुड़े सभी



उत्पादों को हटाने और दिल्ली में रहने वाले ग्राहकों के लिए खरीदारी विकल्प को बंद करने के लिए कहा गया है। दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई दिल्ली सरकार की ओर से 19 दिसंबर, 2024 के आदेश के माध्यम से जारी निर्देशों और 6 मई, 2025 को सुप्रीम कोर्ट की ओर से एमसी मेहता बनाम भारत संघ और अन्य के मामले में की गई टिप्पणियों के बाद की है।

## 'तेलुगु मां है तो हिंदी हमारी मौसी': पवन कल्याण

हैदराबाद।

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने एक बार फिर हिंदी को लेकर बड़ा बयान दिया है। भाषा विवाद के बीच उन्होंने कहा कि तेलुगु मां है तो हिंदी हमारी मौसी है। उन्होंने राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और आर्थिक समृद्धि, खासकर फिल्म उद्योग, को बढ़ावा देने में हिंदी की भूमिका की वकालत की है। शुक्रवार को हैदराबाद में राजभाषा विभाग के ₹दक्षिण संवाद₹ स्वर्ण जयंती समारोह में बोलते हुए, भाजपा के सहयोगी पवन कल्याण ने एक आकर्षक उदाहरण के साथ अपना दृष्टिकोण व्यक्त किया। पवन कल्याण ने कहा कि अगर तेलुगु हमारी माँ के समान है, तो हिंदी हमारी मौसी (पेद्दम्मा) के समान है। पवन कल्याण ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय भाषाओं का प्राथमिक महत्व है, लेकिन हिंदी भारत के विविध हिस्सों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हिंदी सीखने को किसी की क्षेत्रीय पहचान के लिए खतरा नहीं, बल्कि व्यापक अवसरों के लिए एक सक्षमकर्ता के रूप में देखा जाना चाहिए।



## संपादक की कलम से

# चौदह पिंजरे, 14 होटल

आस्तीन चढ़ा कर सरकारों का खर्च मिट्टी होता है, फिर भी गुरूर यह कि काम इसी तरह होता है। एक साथ चौदह पिंजरे, भीतर इतने ही सरकारी होटल और तोते उड़ गए अपनी दिशा में। दिशाहीन कौन, होटल, पर्यटन निगम के कर्मचारी, पर्यटक या राज्य के संसाधन। फेहरिस्त पर नजर दौड़ाएं तो ये चौदह इकाइयां असफल हो ही नहीं सकती थीं, लेकिन सरकारी कार्य संस्कृति के दूध से कितनी मक्खियां निकालेंगे। आदेश अदालत को देने पड़े थे, क्योंकि सार्वजनिक धन से मकबरे नहीं सजाए जा सकते। अगर इमारतों के बीच सरकारी धन से बने मकबरों पर गौर करेंगे, तो जिंदा ताबूत में सारे सबूत रखने पड़ेंगे। इससे पहले एचआरटीसी के निकम्मे रूटों की नुमाइश हुई, तो अचानक फरमान आया कि निजी क्षेत्र को चुगने को कहा जाए। यहां आम तो सबने चुरा लिए, अब गुठलियां बेची जा रही हैं। खैर एक हकीकत सामने आ रही है कि सरकार सारे पापड़ नहीं बेल सकती और न ही सारे काम सरकारों को करने चाहिएं। चौदह होटल अपने निर्वाण के लिए निजी क्षेत्र का प्रश्रय चाहते हैं। सरकार के फलक पर निजी क्षेत्र का आरोहण बेशक स्वागत योग्य है और यह भी साबित हो रहा है कि आइंदा राज्य की तस्वीर में इसका ही नाम होगा। सवाल अब यह है कि क्या सरकार को अब नए होटलों का निर्माण नहीं करना चाहिए, लेकिन हकीकत यह भी है कि बड़ी परियोजनाएं और बड़ी शेखियां जारी रहेंगी। अंततः हम पर्यटन की तिजोरी से अगर एचपीटीडीसी को घाटे का खेत बना देते हैं, तो जीत क्या रहे और भविष्य के लिए क्या कर रहे। जाहिर है सरकारी क्षेत्र में व्यावसायिक दक्षता की कमी है या ग्राहक को संतुष्ट करने की अभिलाषा ही नहीं बची। एचआरटीसी हमें सही से मंजिल तक नहीं पहुंचा पा रही, मिल्क फेडरेशन हमारी जरूरतों का दूध उपलब्ध नहीं करवा पा रहा और एचपीटीडीसी पर्यटक को लुभा नहीं पा रहा, तो कहीं हमारे सियासी फैसलों का कूड़ाघर हमारे जेहन में भर रहा है। चौदह होटल इकाइयों को निजी क्षेत्र में देने का फैसला दरअसल विनिवेश की ओर इशारा भी कर रहा है। अब वक्त आ गया है कि हिमाचल अपनी असमर्थ आर्थिकी के कांटे बाहर निकाल दे। कई स्कूल, कालेज और अस्पतालों का प्रबंधन निजी क्षेत्र से साझा कर लेना चाहिए या मान लेना चाहिए कि बिना छात्रों के शिक्षण संस्थान और बिना बेहतर इलाज के चिकित्सा संस्थान पालने से सिर्फ छवि और शक्ति का क्षरण ही होगा। इतना ही नहीं हिमाचल के विभिन्न विभागों के तहत चलने वाले करीब ढाई हजार डाकबंगलों का युक्तिकरण भी जरूरी है या इन्हें भी आय–व्यय के ढांचे में निजी क्षेत्र के साथ बांट लेना चाहिए। हर विभाग का रेस्ट हाउस क्यों। क्यों न एक ही शहर में उसके प्रशासनिक व अन्य महत्त्व के आधार पर पच्चीस, पचास या सौ कमरों का एक ही परिसर बना कर सभी विभागों को एक साथ रेस्ट हाउस सुविधा दी जाए। प्रदेश में कई प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को लेकर प्रयास हुए हैं, लेकिन इसके साथ विनिवेश को पारदर्शी ढंग से नहीं जोड़ा गया। एक नीति व ऑडिट के बाद विनिवेश के जरिए निजी निवेशकों के सामने हिमाचल निर्माण का खाका रखना चाहिए। यही 14 होटल अगर राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय होटल श्रृंखलाओं के साथ जुड़ जाएं, तो मकबरे–महल साबित हो सकते हैं। सरकारी शिक्षण संस्थानों के परिसर अगर प्रतिष्ठित निजी शैक्षणिक प्रयासों से जुड़ जाएं, तो परिणामों की आभा बदल सकती है। बदल जाएंगे कई अस्पताल और वहां का सोच, अगर निजी क्षेत्र की ऊर्जा अनुभव व कार्य संस्कृति के तहत कुछ चिकित्सा संस्थान निजी क्षेत्र को दे दिए जाएं। कोशिश अब यह हो कि पटरी से उतरे 14 होटल निजी क्षेत्र में संवर जाएं।


ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह

## ये सावन के दिन जब जब आये



### कविता

ये सावन के दिन जब जब आये
मस्त बादल नभ पे नित्य मड़राये
उमड़ घुमड़ ये काले काले बदरा
आवारा सा रंगत दिखलाये

रिमझिम वर्षा की नन्हीं नन्हीबुन्दें
धरातल के होठ। जब चूम जाये
प्यासे नदियों की प्यास की तड़प
बारिस की बरखा तृप्त कर जाये

पुरवाई जब फिजां में ली अंगड़ाई
मेहबूबा की आँचल हवा में लहराई
जब दादुर सरगम पे मल्हार गाये
झिंगुर भी अपनी राग सुना जाये

ये बिजुरी जब गगन पे तांडव दिखाये
आसमां की छाती भय से थरार्ये
ये बाग बगाचे और ये वन उपवन
हरीयाली की चुनरी ओढ़ शरमाये

पर जब ये सावन निष्ठुर हो धूम मचाये
नदियों में बाढ़ का आ धमाल कर जाये
प्रेमी प्रेमिका की जहाँ होती मिलन
गाँव जवार अपने में ले समां जाये

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## सरकार का ऑपरेशन कालनेमि

# ढोंगी नकली पाखंडी साधु संतों में भारी हड़कंप सभी राज्यों ने इसका संज्ञान लेना समय की मांग

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में संभवतःभारत ही एक ऐसा देश है जिसकी देवभूमि पर, पग-पग पर आध्यात्मिक स्थल है, लोगों में भरपूर धार्मिक आध्यात्मिक आस्था श्रद्धा है, जो एक अच्छी बात है, अभी चल रही अमरनाथ यात्रा व कावड़ यात्रा में हम सभी यह देख रहे हैं ऐसे अनेंको अवसर प्रतिदिन अनेक राज्यों में आते रहते हैं जहां भक्तों की भीड़भाड़ लगी रहती है व सबसे अच्छी बात यह है कि आध्यात्मिक स्थल, ट्रस्ट, अनेकों सेवा समितियां व संस्थाओँ द्वारा भक्तों की सेवा व ध्यान रखा जाता है, ठीक उसी तरह शासन प्रशासन भी भक्तों की सुरक्षा व व्यवस्था में पूर्ण सहयोग करता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि सुरक्षा, सेवा, देखभाल कितनी में चाक चौबंद क्यों ना हो, कुछ ना कुछ लीकेजेस होते रहते हैं जिनमें भक्तों को बहुत परेशानी, ठगी, धोखाधड़ी का शिकार होना पड़ता है, जो उनसे इस आध्यात्मिक परिसर या बाहर में हो सकता है, उसी का संज्ञान लेकर उत्तराखंड सरकार ने ऑपरेशन कालनेमि चलाया है, जो मेरे विचार से बहुत ही शानदार पहल है, मैं इसआर्टिकल के माध्यम से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रीयों से निवेदन, अनुरोध करना चाहूंगा कि, कालनेमि, इसका संज्ञान लेकर यह ऑपरेशन तुरंत लागू करें ताकि पूरे भारत में लागू हो जाए क्योंकि इस क्षेत्र में बहुत से देशी विदेशी अपराधिक छवि वाले भी घुसे हुए हैं, जिनकी दुकानदारी जोरों से चल रही है व भक्त ठगी धोखाधड़ी पाखंड का शिकार हो रहे हैं जिनका सटीक उदाहरण है कि, उत्तराखंड सरकार ने यह अभियान चलाकर तेजी से धरपकड़ कर एक ही दिन में 25 से अधिक ऐसे पाखंडी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया है जिसमें एक पड़ोसी मुल्क का नागरिक भी शामिल है, इस अभियान की कढ़ाई को देखकर अब नकली बाबाओं में भारी हड़कंप मच गया है, व घरपकड़ के डर से भी अपने स्थान छोड़कर अन्य राज्यों की ओर रुख कर रहे हैं इसीलिए सभी राज्यों ने इसका संज्ञान लेकर इसी तरह का अभियान चलाने की जरूरत है, चूँकि आध्यात्मिक आस्था की प्रतीक भारतीय देवभूमि पर आस्था पूजा श्रद्धा के नाम पर ठगी व नकली बाबाओं पर शिकंजा कसा जा रहा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सरकार का ऑपरेशन कालनेमि-ढोंगी नकली पाखंडी साधु संतों में भारी हड़कंप- सभी राज्यों ने इसका संज्ञान लेना समय की मांग है।




साथियों बात अगर हम ढोंगी नकली पाखंडी बाबाओं को समझने की करें तो, ढोंगी पाखंडी बाबा को होते हैं जिनके पास, न तो शिक्षा और ना ही किसी मंदिर या मठ का दस्तावेज है, ऐसे ही लोगों को पकड़ने के निर्देश दिए गए हैं, इसी के चलते शुक्रवार को देहरादून पुलिस ने ऐसे 25 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास ना तो कोई ज्योतिष शास्त्र की शिक्षा है और ना ही उनके पास किसी मठिया मंदिर का कोई ऐसा दस्तावेज जिससे वह साबित कर पाए कि वह सही मायने में साधु या संत है, ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया गया, इन पकड़े गए 25 ढोंगी बाबाओ मैं अनेकों राज्यों के लोग शामिल है, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, असम, उत्तराखंड के लोग हैं। वहीं इन 25 लोगों में से एक व्यक्ति बांग्लादेश का मूल निवासी भी पाया गया है, पुलिस को अंदेशा है कि साधु संन्यासियों का वेश अपनाकर कई मुजरिम भी आम जनमानस के बीच मौजूद हो सकते हैं जिसको ध्यान में रखते हुए इस अभियान को आगे भी जारी रखने की बात कही गई है, इसमें सभी जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने जिले में इस तरह के साधु-संतों का पेज धारण कर सड़क के किनारे या फिर गली मोहल्ले में घूमने वाले बाबो को भी चिन्हित कर पकड़े। साथियों बात अगर हम उत्तराखंड में ढोंगी बाबाओ को पकड़ने ऑपरेशन कालनेमि की करें तो, देवभूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड की छवि को धूमिल करने वाले पाखंडी बाबाओं के खिलाफ उत्तराखंड सरकार द्वारा सख्त रुख अपनाया गया है, इसी के तहत ऑपरेशन कालनेमि के नाम से एक अभियान की शुरूआत की गई है, इस अभियान के अंतर्गत जो भी लोग नकली साधु बन कर या साधुओं की वेशभूषा अपनाकर लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं देवभूमि उत्तराखंड में पग-पग पर आध्यात्मिक स्थल हैं, उसके बाहर साधु-संत और बाबा भी मौजूद रहते हैं, इनमें से कई तो सच्चे साधु-संत हैं लेकिन कई फर्जी भी, इन फर्जी बाबाओं के पास ज्ञान तो ना के बराबर होता है लेकिन आडंबर पूरा, अब उत्तराखंड पुलिस ने ऐसे फर्जी बाबाओं को धर-पकड़ के लिए एक विशेष अभियान छेड़ा है, ऑपरेशन कालनेमि इस ऑपरेशन के तहत देहरादून में 25 फर्जी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया है ये सभी नकली साधु या बाबा आम लोगों को ठगने का काम कर रहे थे, पुलिस ने इन सभी लोगों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश राज्य सरकार ने दिए हैं, कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने ऐसे लोगों को पकड़ने के लिए ऑपरेशन कालनेमि की शुरूआत थी, इसमें सभी जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने जिले में इस तरह के साधु-संतों का पेज धारण कर सड़क के किनारे या फिर गली मोहल्ले में घूमने वाले बाबो को भी चिन्हित कर पकड़े, इस अभियान पर कार्यवाही करते हुऐ दून पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 25 ऐसे बाबाओं को हिरासत में लिया गया है, जो कि किसी प्रकार के संगठन से जुड़े हुए दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कर सके, पुलिस को अंदेशा है कि साधु संन्यासियों का वेश अपनाकर कई मुजरिम भी आम जनमानस के बीच मौजूद हो सकते हैं जिसको ध्यान में रखते हुए इस अभियान को आगे भी जारी रखने की जरूरत है तथा इसे पूरे भारत में सभी राज्यों ने लागू करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पाखंड और अंधविश्वास के नाम पर जनता को गुमराह करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए. उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की धार्मिक, जातीय या पंथीय पहचान की परवाह किए बिना राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगी और सख्त कदम उठाएगी, जनता से यह अपील गई गई है कि अगर उन्हें किसी भी फर्जी बाबा या ढोंगी के बारे में जानकारी हो, तो तुरंत प्रशासन को इसकी जानकारी दें, ताकि उनके विरुद्ध सख्त कदम उठाए जा सकें, सीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पाखंड और अंधविश्वास के नाम पर जनता को गुमराह करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए, उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की धार्मिक, जातीय या पंथीय पहचान की परवाह किए बिना राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस की नीतिअपनाएगी और सख्त कदम उठाएगी, जनता से यह अपील गई गई है कि अगर उन्हें किसी भी फर्जी बाबा या ढोंगी के बारे में जानकारी हो, तो तुरंत प्रशासन को इसकी जानकारी दें, ताकि उनके विरुद्ध सख्त कदम उठाए जा सकें। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सरकार का ऑपरेशन कालनेमि-ढोंगी नकली पाखंडी साधु संतों में भारी हड़कंप-सभी राज्यों ने इसका संज्ञान लेना समय की मांग, आध्यात्मिक आस्था की प्रतीक भारतीय देवभूमि पर आस्था पूजा श्रद्धा के नाम पर ठगी करने वाले नकली बाबाओं पर शिकंजा कसना जरूरी, आध्यात्मिक आस्था व देवभूमि की छवि धूमिल करने वाले पाखंडी ढोंगी नकली बाबाओं की सफल धरपकड़-उत्तराखंड सरकार का कालनेमि ऑपरेशन सराहनीय है।


गोंदिया

# मतदाता सूची में सुधार पर सुप्रीम सहमति सराहनीय


ललित गर्ग

बिहार में मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी सिर्फ एक न्यायिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल्य को पुष्ट करने वाला ऐतिहासिक एवं प्रासंगिक निर्णय है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए। विपक्ष को चाहिए कि वह इस फैसले को राजनीतिक हार न माने, बल्कि इसे एक अवसर माने, जनविश्वास अर्जित करने का, लोकतंत्र में आस्था बढ़ाने का और सबसे जरूरी, राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखने का। मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य केवल बिहार ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करना चाहिए।

भारतीय लोकतंत्र में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सर्वोपरि होता है। चुनाव आयोग यदि चुनाव कराने को तैयार है, और इसकी जुड़ी किन्हीं प्रक्रियाओं में कोई त्रुटि या खामी है तो उसका सुधार करना संविधान सम्मत है, तो फिर इस पर प्रश्नचिन्ह लगाने का अधिकार किसी भी राजनीतिक दल को नहीं होना चाहिए। लेकिन जो प्रश्न जनता के मानस को उद्वेलित करता है, वह यह है कि विपक्ष बार-बार चुनावी प्रक्रियाओं, राष्ट्रीय हितों या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी एकमत होकर विरोध करता है, आखिर क्यों? बिहार में एसआईआर को लेकर जो याचिकाएं और बहसें सामने आईं, उनमें एक प्रमुख तर्क यह था कि समय उपयुक्त नहीं है, सरकार अस्थिर है, या सामाजिक समीकरण तैयार नहीं हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनता को प्रतिनिधित्व देने का अधिकार सर्वोपरि है। लेकिन त्रुटिपूर्ण या फर्जी मतदाता सूची से चुनाव कराना भी लोकतंत्र का अपमान है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि देर-सवेर नहीं, संवैधानिक कर्तव्य को समय पर निभाना जरूरी है।

अदालत ने एसआईआर पर कोई आदेश नहीं दिया है, लेकिन अपने इरादे की ओर इशारा तो कर ही दिया है। अदालत ने टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह उचित प्रतीत होता है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में एसआईआर को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह निश्चित ही टाइमिंग है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी व्यक्ति को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। वैसे बिहार में चुनाव को देखते हुए ही फर्जी मतदाताओं की संख्या बढ़ी या तथाकथित राजनीतिक दलों ने इन फर्जी मतदाताओं को बढ़ाया है। ऐसे में इन फर्जी मतदाताओं पर कार्रवाई अपेक्षित है। यह मामला केवल बिहार तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है?



भारतीय राजनीति में विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों पर निगरानी रखना है, आलोचना करना है, लेकिन वह आलोचना रचनात्मक होनी चाहिए, राष्ट्र-विरोधी नहीं। आज हम देख रहे हैं कि आर्टिकल 370 हटाना हो, नागरिकता संशोधन अधिनियम-सीएए, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी जैसे कानून हों, अग्निपथ योजना हो, या राम मंदिर निर्माण-लगभग हर मुद्दे पर विपक्ष ने एकमत होकर विरोध किया है। चाहे चीन या पाकिस्तान से जुड़ी संवेदनशील मसले हों, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा के निर्णय, विपक्ष अक्सर उन बिंदुओं पर एक सुर में सरकार का विरोध करता है, जबकि ऐसे राष्ट्रीयता के मुद्दों पर विपक्ष को सरकार एवं देश के साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह संयोग नहीं, एक दूषित राजनीतिक रणनीति बनती जा रही है कि जो सरकार करे, उसका विरोध करो, चाहे मुद्दा देशहित का ही क्यों न हो। इन स्थितियों में आम जनता का एक बड़ा सवाल है कि विपक्ष देश के साथ है या सिर्फ सत्ता की भूख के साथ? क्या चुनाव प्रक्रिया पर विरोध करना लोकतंत्र का मजाक नहीं है? क्या न्यायपालिका के निर्णयों को चुनौती देना सिर्फ स्वार्थ की राजनीति नहीं? क्या राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ खड़े होने से विपक्ष की राजनीति कमजोर हो जाएगी? जब विपक्ष सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध करता है, तो उसका नैतिक बल कमजोर होता है, और जनता का विश्वास टूटता है। भारतीय राजनीति को अब रचनात्मक विपक्ष की जरूरत है, ऐसा विपक्ष जो सत्ता में नहीं है, फिर भी राष्ट्र के लिए सत्ता के साथ खड़ा हो सकता है। जो यह समझ सके कि लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों से चलता है, लेकिन राष्ट्र सबसे ऊपर है। बिहार में चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट की अनुमति इस बात का प्रतीक है कि संस्थाएं अभी भी न्याय और संवैधानिकता की रक्षा कर रही हैं। लेकिन विपक्ष यदि इस निर्णय पर भी नकारात्मक रवैया अपनाता है, तो यह जनता की आकांक्षाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकासशील भारत की दिशा के विरुद्ध होगा। विपक्ष को चाहिए कि वह अपनी राजनीति को जनहित से जोड़े, जनविरोध से नहीं। विपक्ष यदि राष्ट्रहित में सोचने की दिशा में खुद को परिवर्तित नहीं करता, तो वह धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा। भारतीय लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी चुनावों पर टिकी होती है। इसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने की दिशा में बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूची सुधार अभियान हाल ही में राष्ट्रीय बहस का केंद्र बना। लेकिन जिस बात ने सबसे अधिक ध्यान खींचा, वह यह है कि इस पूरी कवायद के दौरान विपक्ष एक बार फिर एकजुट होकर इसका विरोध करता नजर आया, भले ही मामला राष्ट्रहित और लोकतंत्र की मजबूती से जुड़ा हो।

बिहार में राज्य निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्टों को दुरुस्त करने, फर्जी वोटरों की छंटनी, और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ने का जो कार्य प्रारंभ किया, वह एक सामान्य प्रशासनिक कार्य नहीं था, बल्कि एक लोकतांत्रिक शुद्धिकरण था। यह सुधार न केवल चुनावों को पारदर्शी बनाता है, बल्कि नागरिक अधिकारों की रक्षा भी करता है। परन्तु कुछ राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताई और इसे जातीय आंकड़ों, राजनीतिक संतुलन और चुनावी गणित से जोड़कर कोर्ट का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण संविधान सम्मत प्रक्रिया है और इसे बाधित नहीं किया जा सकता। अदालत ने चुनाव आयोग की कार्रवाई को न केवल वैध बताया, बल्कि उसे लोकतंत्र के लिए आवश्यक भी बताया। यह फैसला यह भी दशार्ता है कि अब समय आ गया है जब चुनावी ईमानदारी को राजनीतिक शोरगुल और वोट बैंक की राजनीति के शोर में दबाया नहीं जा सकता। विपक्ष की प्रतिक्रिया लगभग स्वचालित होती जा रही है, चाहे मुद्दा हो आर्थिक सुधार का, रक्षा नीति का, विदेश नीति का, या अब मतदाता सूची सुधार का। प्रश्न यह उठता है कि क्या हर सुधार प्रक्रिया, चाहे वह कितनी भी लोकतांत्रिक या पारदर्शी हो, विपक्ष के लिए मात्र एक राजनैतिक खतरा है? विपक्ष का यह रवैया यह दशार्ता है कि उसे संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा कम और अपनी राजनीतिक गणनाओं पर भरोसा अधिक है। एक सामान्य नागरिक के लिए सबसे बड़ा अधिकार है वोट देना। यदि कोई सुधार प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि एक भी फर्जी वोटर सूची में न हो, कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं, जाति, धर्म या राजनीति से ऊपर उठकर नागरिकता के आधार पर मतदाता सूची बने, तो फिर उसका विरोध क्यों ?विपक्ष इस डर से ग्रस्त है कि यदि मतदाता सूची साफ-सुथरी हो गई, तो उनके कथित परंपरागत वोट बैंक कमजोर हो सकते हैं। उन्हें डर है कि जातीय और क्षेत्रीय समीकरण बदल सकते हैं। लेकिन यह तर्क लोकतंत्र के मूल सिद्धांत के विरुद्ध है। लोकतंत्र जो है, उसे प्रतिबिंबित करे, न कि जो चाहिए, उसे निर्मित करे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने मिलक के ग्राम रास डंडिया में की कार्यकर्ताओं की बैठक

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि पंचायत चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की रिकार्ड जीत होगी। यह जीत उतनी ही शानदार होगी, जितना हमारे बूथ मजबूत होंगे, तो कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर भी एक बार नजर अवश्य दौड़ा लें। यदि कहीं किसी अतिरिक्त कार्यकर्ता को लगाना है, तो उसे समय से लगा दिया जाए। वह मिलक के ग्राम रास डंडिया में हुई बैठक में बोल रहे थे उन्होंने कहा कि अब पंचायत चुनाव में अधिक समय नहीं बचा है। ऐसे में अब कार्यकताओं को और अधिक क्षमता से कार्य करना होगा। गांव-गांव और मोहल्लों में पंचायतों के माध्यम से लोगों को जानकारी देनी होगी कि सरकार ने उनके लिए क्या किया और क्या करने जा रही है। कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब गांवों में भी भरपूर बिजली आ रही है। सुविधाओं और संसाधनों में इजाफा हो रहा है, जिस कारण अब लोग गांवों में रहना पसंद कर रहे हैं। उन्होंने किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि कार्यकर्ता यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके गांव और मोहल्लों में पात्रता के अनुसार कोई भी किसी भी योजना का लाभ लेने से वंचित न रह गया हो। यदि कहीं ऐसा है, तो वहां तुरंत पहुंचकर जरूरतमंद को योजना का लाभ दिलाएं।

## कांवड़ यात्रा को लेकर बुलंदशहर पुलिस अलर्ट, 200 फैंटम और पीआरवी टीमें तैनात

**बुलंदशहर।** सावन महीने में शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर बुलंदशहर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। जिलेभर में 200 कांवड़ फैंटम और पीआरवी टीमें कांवड़ मार्गों पर लगातार गश्त करेंगी। पुलिस ने हर स्तर पर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है।

कांवड़ मोबाइल टीमें करेंगी निगरानी इस बार खासतौर पर तैनात की गई कांवड़ मोबाइल टीमें प्रमुख मार्गों की चौकसी करेंगी। यात्रा मार्गों की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरों की मदद से चप्पे-चप्पे की निगरानी शुरू कर दी है। एएसपी ऋजुल ने स्वयं फैंटम दस्तों के साथ विभिन्न कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया और सुरक्षा तैयारियों को परखा। उन्होंने बताया कि, बुलंदशहर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

# फिटनेस यूनिसेक्स जिम का फीता काटकर किया उद्घाटन



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नगीना।** शेख शाहनवाज खलील ने रॉयल फिटनेस यूनिसेक्स जिम का फीता काटकर उद्घाटन किया। गुरुवार की सांय को मुख्य अतिथि शेख शाहनवाज खलील जिला अध्यक्ष चेयरमैन संघ बिजनौर अपने समर्थकों के साथ स्थानीय रायपुर रोड, निकट नगीना पार्क ठीक के सामने पहुंचे जहां उन्होंने रॉयल फिटनेस यूनिसेक्स जिम का फीता काट कर उदघाटन किया। रॉयल फिटनेस यूनिसेक्स जिम के स्वामी ओसाम ने उद्घाटन मे आये सभी लोगो का स्वागत किया रॉयल फिटनेस यूनिसेक्स जिम के स्वामी ने बताया की हमारे यहां अनेक प्रकार की मशीन आयी हुई हैं जिम करने से अपने आप को रोगों से बचाने के लिए हमें अपनी दिनचर्या मे जिम को शामिल को शामिल करना पड़ेगा क्योंकि जिम करने से हमारे शरीर, मन, आत्मा को ऊर्जा, ताकत और सौंदर्य प्रदान करता हैं इस मोके पर तमाम शहर के गणमान्य लोग मौजूद मोहम्मद अनस, जावेद, नानू, शाहनवाज, मुज्जमिल, इमरान, फहीम, उमेर, मोहम्मद सिराज, शेख जमशेद, अंजार सैफी, शेख शददन, जुबैर जैदी, फहीम अहमद, राशिद मुल्तानी, सुहैल अनवर, शहीर आलम आदि लोग मौजूद रहे।

# कावड़ यात्रा को लेकर सीओ के नेतृत्व में पुलिस ने चलाया संघन चेकिंग अभियान



**वेलकम इंडिया**

**पहासू/बुलंदशहर/** शुक्रवार शाम को कावड़ यात्रा को लेकर शिकारपुर सीओ मधुप कुमार सिंह ने कस्बा पहासू में अलीगढ़ चौराहे पर चलाया संघन चेकिंग अभियान चेकिंग अभियान के दौरान चार पहिया वाहन और दोपहिया वाहनों की गई। सीओ ने बताया है कि चेकिंग इसलिए की जा रही है कावड़ माह का महीना चल रहा है जिससे लोगों को जागरूक किया जा सके की यातायात के नियमों का पालन करें किसी भी असामाजिक गतिविधि से दूर रहें और कावड़ के पा वन पर्व को सभी प्रेम भाव के साथ मनाए। चेकिंग के दौरान पहासू थाना प्रभारी कस्बा चौकी प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

# अमरीका में वर्ल्ड पुलिस गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली रामपुर की उजाला का हुआ सम्मान और स्वागत

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**





रामपुर शहीद ए आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज एसोसिएशन द्वारा सम्मान एवं स्वागत किया गया। जिसमें एसोसिएशन के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे इस अवसर पर आंसुओं से भीगी आंखों से उजाला ने कहा कि बहुत संघर्ष के बीच मेरा जीवन गुजरा है गरीबी क्या होती है मैंने अपनी आंखों से देखी है आज सभी समझ सकते हैं ग्रामीण क्षेत्र जहां मेरा घर है वहां से शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम के दूरी 13 किलोमीटर है मैं रोज सुबह और शाम यह दूरी तय करती थी आज वर्ल्ड पुलिस गेम अमरीकन में गोल्ड मेटल हासिल करके मैंने स्वर्ण पदक तो जीता लेकिन मेरी मंजिल ओलंपिक में गोल्ड मेडल लाने की है मुझे विश्वास है कि ओलंपिक मैराथन में अपने देश का नाम रोशन करूंगी। इस अवसर पर मुकेश पाठक ने निर्धन परिवारों की बच्चियों की सहायता करने का प्रण लिया साथ ही खिलाड़ियों को फाबा हनी पहुंचने का का निर्णय लिया। वही वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी आरिफ खान ने हर एथलीट के लिए दुआओं के साथ-साथ आर्थिक मदद करने का भी एलान किया उजाला को पांच हजार एक सो रुपए की राशि का चैक का उपहार दिया*। क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बच्चों की हौसला अफजाई की। और उजाला को प्रतीक चिन्ह और पगड़ी, शाल पहनाई। साथ ही मुजाहिद अली ने उजाला के प्रशिक्षक रणदीप सिंह को शाल पगड़ी और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत और सम्मान किया। नासिर खान नितिन मेहरा ने भी उजाला के लिए सराहना करते हुए दुआएं की इस अवसर पर एथलेटिक्स एसोसिएशन के जिला सचिव फरहत अली खान ने सभी खिलाडियों और सम्मानित व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया अय्यूब खान सोलत अली खान फहीम कुरैशी यासीन खान मुस्कान कशिश रोशनी मशीयत फातिमा माही आंचल खेमपाल बाबू एवम् बड़ी संख्या खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# संगठन को एकजुटता के साथ मजबूत बनाने कि बात



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नजीबाबाद।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव लखनऊ निवासी हेमंत दयाल अग्रवाल व लखनऊ के वरिष्ठ समाजसेवी अनिल बाजपेई एवं विनीत शुक्ला आदि नजीबाबाद पहुंचे।

स्थानीय एक रेस्टोरेंट में संगठन के जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, जिला संयोजक रोहित अग्रवाल के साथ प्रदेश सचिव हेमंत दयाल अग्रवाल ने संगठन को लेकर गहन चर्चा की व संगठन को एकजुटता के साथ और मजबूत बनाने कि बात कही। प्रदेश सचिव ने अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार द्वारा सर्वसमाज के लिए किये जा रहे हैं जनहित के कार्यों की सराहना की। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया।

# नजीबाबाद में भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकताओं ने किया धरना प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर नजीबाबाद तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन भानू के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अचल शर्मा ने किसानो की समस्याओं को लेकर अपने कार्यकताओं के साथ में किया धरना प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन भारतीय किसान यूनियन भानू के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अचल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड विभाग के द्वारा गांव में विकास नहीं किया जा रहा है। बारिश होने के कारण सड़के तालाब में तब्दील हो जाती है जिसे देखकर अधिकारी अनदेखा कर रहे हैं सभी ग्रामवासी उन सड़कों से जूझ रहे हैं ऐसे गांव में विभाग से सीसी रोड का समाधान करने के लिए और अधिकारियों की लापरवाही बरतने के लिए ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी पर कार्यवाही की जाए ।धरना प्रदर्शन में किसानों की समस्याओं को लेकर वन विभाग द्वारा लापरवाही को बताते हुए कहा कि सभी किसान गुलदार जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं ।जिसका वन विभाग द्वारा समाधान नहीं किया जा रहा है ।और किसानों की समस्या को लेकर अनदेखा कर रहे हैं विभाग द्वारा कोई भी किसानों को सुविधा नहीं दी जा रही है ।इसके बाद युवा जिला अध्यक्ष अचल शर्मा ने सपना वर्मा को तहसील मीडिया प्रभारी बनाया। साथ ही अरशद मालिक को भी तहसील मीडिया प्रभारी बनाया ।जिला अध्यक्ष अचल शर्मा ने मीडिया से वार्ता करते हुए जानकारी में बताया कि जिन ग्रामीण क्षेत्रो में चिकित्सा एवं केंद्र बने हुए हैं उन पर स्वास्थ्य स्टाफ की कमी चल रही है उन कमियों को देखते हुए स्टाफ की ला प्रवाही बताई गई है ।आला अधिकारियों से मामले को संज्ञान लेकर स्टाफ को पूर्ण रूप से पूरा करने के लिए मांग की है साथ ही साथ बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए और मिटरो की रीडिंग की गई व्यवस्था पिछले 2 साल से नहीं हो रही है उसके लिए भी अधिकारीयों को अवगत कराया गया और कंप्यूटर से बिल निकाल कर भेज रहे हैं बिलिंग मीटर रीडर एक साल आदि के बाद आता है उसकी लापरवाही ग्रामीण क्षेत्र में चल रही है उसको लेकर भी तहसील परिसर के आला अधिकारीयों को अवगत कराया गया है और कहा गया कि जो बिजली विभाग द्वारा लापरवाही चल रही है उस समस्या का तत्काल प्रभाव से समाधान कराया जाए।

# बी एल पांडे को गोल्ड मेडल मिलने पर किया गया सम्मानित



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा :** मथुरा में हुई तीन दिवसीय प्री अप स्टेट शूंटिंग चैंपियनशिप में प्रदेश भर के 1000 बच्चों ने सहभागिता करते अपना हुनर दिखाया ।इसी प्रतियोगिता में मथुरा के बी एल पांडे ने भी सहभागिता करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल से 200 की जगह 251 स्कोर बनाकर स्टेट क्वालीफाई कर स्टेट में अपनी जगह बनाते हुए गोल्ड मेडल दिया गया । उसी क्रम में आज बी एल पांडे को बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश ने होटल निविशका इन बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज रोड मथुरा में स्वागत किया गया । संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा यह मथुरा जनपद के लिए गौरव की बात है कि हमारे साथी छोटे भाई किसी प्रतियोगिता के अंदर गोल्ड मेडल जीत कर लाए हैं आज उसी का जश्न हम मना रहे हैं और प्रदेश में मथुरा का नाम रोशन इनके द्वारा किया गया है इसके लिए उनको हम सम्मानित कर रहे हैं यह हमारे समाज के लिए गौरव की बात है ।

# समाजवादी युवाजन सभा ने किया वृक्षारोपण कब्रिस्तान में किया गया 100 पेड़ो रोपण

**मोहम्मद असलम**



**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी युवाजन सभा की खीरी नगर इकाई द्वारा कब्रिस्तान में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया, जिसमें खीरी विकास समिति अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार आमिर रजा पम्मी मुख्य अतिथि रहे। युवाजन सभा के नगर अध्यक्ष जावेद निसार खान की तरफ से आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पत्रकार आमिर रजा पम्मी ने कहा कि पेड़ हमारी जिंदगी में परिवार के सदस्यों की तरह अहमियत रखते हैं। हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम पांच पेड़ न सिर्फ लगाने चाहिए बल्कि उनकी परवरिश भी परिवार के सदस्यों की तरह करना चाहिए। नगर अध्यक्ष अध्यक्ष जावेद निसार खान ने कहा आज मीरा ताल कब्रिस्तान में सौ पेड़ लगाए गए हैं, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी युवाजन सभा कार्यकर्ता निभाएगे। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीए नायक अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर संगठन द्वारा जो वृक्षारोपण का कार्यक्रम शुरू किया गया है वह लगातार जारी है। पहले मोहल्ला कटरा के कब्रिस्तान मैं और अब यहां वृक्षारोपण का कार्य किया गया है भविष्य में भी कई कब्रिस्तान में बाउंड्री पर छायादार वृक्ष के पेड़ लगाए जाएंगे। इस मौके साफी अहमद अंसारी, मोबीन खान, रिजवान खान, हम्जा खान, मुश्ताक खान आरिफ खान, जालीस खान, अहमद खान, अयान खान, अमन खान सहित भरी संख्या में लोग मौजूद रहेंगे।

# अपर गन्ना आयुक्त ने क्षेत्र का किया दौरा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** अपर गन्ना आयुक्त (समितियाँ) उ. प्र. लखनऊ के जनपद बिजनौर मे भ्रमण किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य सर्वे, पेड़ी डिलीशन कार्य का सत्यापन के साथ साथ विभाग/ बिन्दल चीनी मिल द्वारा कृषक हित मे किये जा रहे विकास कार्यों का धरातलीय अवलोकन भी रहा. भ्रमण के दूसरे चरण मे गन्ना विकास परिषद, समिति नूरपुर, बिंदल चीनी मिल चांगीपुर के ग्राम हुसुपुरा मे सर्वे चेक किया। मौके पर सर्वे सही मिला इसी ग्राम मे कुछ कृषको द्वारा पेड़ी उखाड़कर पौधा गन्ना लगाया गया है। जिसका भौतिक सत्यापन किया। सत्यापन स्थल पर स्थित डॉ० रामवीर राठी के धनवंतरी आयुर्वेद चिकित्सालय मे कृषको की एक चौपाल रखी गई थी। जिसमे लगभग 50 कृषको ने प्रतिभाग किया। चौपाल मे डॉ बी बी सिंह द्वारा कृषको को रेड रॉट (गन्ने का कैंसर) रोग की बिभिषिका के बारे मे अवगत कराया। उन्होंने बीज बदलाव के बारे मे कृषको से अपील की कि किसी भी दशा मे 0238 प्रजाति की बुवाई ना करें रेड रॉट रोधी प्रजाति सीओ 0118, सीओएस 13235, सीओएस 17231 सीओएस 18231, कोलक, 16202, कोलक 14201 प्रजातिओं की बुवाई करें। चीनी मिल चांगीपुर क्षेत्र मे 0238 की बुवाई मात्र 5 प्रतिशत रकबे मे की गई है। इस पर अपर आयुक्त महोदय द्वारा प्रसंशा व्यक्त की गई. रेड रॉट के नियंत्रण के लिये। ट्राइकोडर्मा का प्रयोग करना चाहिए, साथ ही थायोफिनेट मिथाइल से बीज उपचार अवश्य करें। गन्ने मे टॉप बोरर के मैकेनिकल कण्ट्रोल बहुत प्रभावी है शूट कटिंग, फेरामोन ट्रैप, लाइट ट्रैप आदि का प्रयोग फसल की कीटो से रक्षा करता है। टॉप बोरर के अधिक प्रभाव की दसा मे क्लोरेंट्रानिलीपरोल (सीटीपीआर) की डरेंचिंग करने से टॉप बोरर कण्ट्रोल हों जाता है वर्तमान मे टॉप बोरर की तीसरी पीढ़ी का प्रकोप चल रहा हैं साथ ही पोक्का बॉइंग का प्रभाव दिख रहा है। जिसका नियंत्रण ड्रोन से आसानी से किया जा सकता है, अपर गन्ना आयुक्त महोदय द्वारा नैनो यूरिया नैनो डी ए पी का ड्रोन से स्प्रे का निरिक्षण भी किया।. साथ ही कृषक बंधुओ से समिति स्तर पर उपलब्ध फार्म मशीनरी बैंक का अधिकाधिक प्रयोग का अनुरोध किया। सभी कृषक भाई मिट्टी की जाँच के परिणाम अनुसार ही उर्वरक इस्तेमाल करें. मिट्टी मे हों रहे खतरनाक रसायनो के प्रयोग से बचने के लिये कृषक भाइयो को प्रकृतिक खेती अपनाने पर विशेष जोर दिया। चौपाल पश्चात अपर गन्ना आयुक्त द्वारा बिन्दल चीनी मिल चांगीपुर मे मृदा परिक्षण प्रयोगशाला का अनावरण किया गया। इस दौरान उपगन्ना आयुक्त मुरादबाद, जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर, बिन्दल चीनी मिल के अध्यक्ष शशि गुप्ता, उपाध्यक्ष गन्ना जितेंद्र मलिक, जनपद के सभी सचिव व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह, सरूर आलम जैदी, गन्ना प्रबंधक विपिन बालियान, उप गन्ना प्रबंधक राजवीर सिंह, अर्जुन बालियान, भूपेंद्र सिंह, संजीव खोखर, प्रशांत, अमित आदि मौजूद रहे।

## गुरु पुर्णिमा पर विधायक ने किए गुरुजी के दर्शन

**सिकंदराबाद** । विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने गुरु पूर्णिमा पर परम पूज्य महाराज जी के दर्शन कर प्राप्त किया आशीर्वाद सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पवित्र धाम छतु बाबा में परम पूज्य महाराज जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विधायक ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा, ₹गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा। गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः।₹ अर्थात गुरु ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं और गुरु का स्थान परब्रह्म से भी ऊपर है। विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का दिन गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर होता है। इस दिन हम अपने गुरुओं की पूजा करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# इंसुलेटर मशीन में पानी आने से सप्लाई बाधित, पानी की किल्लत से लोग परेशान

**वेलकम इंडिया**



**स्याना/बुलंदशहर/**स्याना में शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। इनकमिंग इंसुलेटर मशीन में नमी आने के कारण बिजली सप्लाई फेल हो गई है। इस कारण पिछले 6 घंटों से पूरे नगर में अंधेरा छाया हुआ है।

विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फॉल्ट को ठीक करने के लिए कर्मचारियों की टीम लगातार काम कर रही है। हालांकि, अभी तक बिजली बहाली का सटीक समय नहीं बताया जा सका है। बिजली गुल होने से नगर में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली न होने से पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। गर्मी और उमस भरे मौसम में बिजली और पानी दोनों की कमी से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग ने आश्वासन दिया है कि वे जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल करने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दैनिक जीवन की गतिविधियां पूरी तरह से प्रभावित हो गई हैं।

# शिक्षा के लिए प्रवेशोत्सव रैली एवं जन जागरूकता अभियान

**वेलकम इंडिया**




**धौलपुर राजस्थान।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सिंघावली बरेह धौलपुर में हुनर शक्ति फाउंडेशन सयुक्त तत्वाधान मे शिक्षा जन अभियान नवीन प्रवेश के लिये नामांकन बढ़ोतरी के उद्धेश्य से रैली का आयोजन किया गया विद्यालय से प्रधानाचार्य गोविन्द प्रसाद गर्ग के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शिक्षा जन अभियान कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ शिक्षा आपके द्वार अभियान हुनर शक्ति फाउंडेशन संस्था का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा से जोड़कर राजकीय विद्यालयों मे नामांकन बढ़ोतरी के लिए शिक्षा के लिए प्रमुख कार्य है शिक्षा मे नवीन प्रवेश के साथ साथ व्यावसायिक शिक्षा मह्त्व के बारे मे बताते हुए अभिभावकों से जन सम्पर्क किया गया बेटियों एवं बच्चों को राजकीय विद्यालय मे निःशुल्क प्रवेश के साथ आर्थिक सहायता के लिए स्टेशनरी उपलब्ध करा कर मदद करना संस्था का उद्देश्य है संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा के द्वारा बताया गया संस्था के द्वारा जरूरत मंद बच्चों की सहायता कर ड्रॉप आउट बच्चों की सहायता आर्थिक मदद कर राजकीय विद्यालयों एव निजी विद्यालयों मे आर टी ई शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिला कर बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए यह अभियान नवीन शैक्षिक सत्र 2025 - 26 के लिये है निर्धारित लक्ष्य दस हजार से अधिक गरीब बच्चों की सहायता कर जोड़ने के लिए है संस्था सचिव नीरज झा ने बताया कि ‘एक रोटी कम खाएं अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं’ शिक्षा पढ़ाई लिखाई से दूर पांच से 14 साल तक के बच्चों की सहायता के लिए बचपन बचाओ अभियान भी संस्था के द्वारा संचालित है संस्था के द्वारा महिला आजीविका के मंजिल शक्ति सिलाई, ब्यूटी सियन क्षेत्र मे महिलाओं को आत्मनिर्भर रोजगार कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य शुरूआत चरण मे 5 लाख महिलाओं को हुनर से रोजगार तक जोड़ने की पहल है बच्चों का नामांकन विद्यालयों मे शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़कर जनसंपर्क आभियान मे सभी सदस्य मिलकर भागीदारी निभा रहे है इस आभियान को सफल बनाएं इस कार्य के लिए संस्था के सहयोगी सदस्यों मे शामिल धौलपुर जिले में राधेश्याम तोमर जिला अध्यक्ष के निर्देशन मे कार्य किया जा रहा है संस्था के कार्यो मे विनीता करसोलिया रैली में विद्यालय से संस्था प्रधान के साथ उपप्रधानाचार्य मुकेश कुमार महेन्द्र मीणा देवेन्द्र कुमार ऊषा स्वामी अनुपम शर्मा सुनीता सुल्तान सिंह मुनेंद्र शर्मा एवं समस्त स्टाफ साथी उपस्थित रहे।

# अनुरागझा क्रिएशन्स ने रोमांटिक ड्रामा 18 हार्टबीट्स के 5 सितंबर रिलीज की घोषणा की

**वेलकम इंडिया**




अनुरागझा क्रिएशन्स ने अपनी आगामी फीचर फिल्म 18 हार्टबीट्स की घोषणा की है, जो एक रोमांटिक ड्रामा है और जिसे अनुराग झा ने लिखा और निर्देशित किया है। यह फिल्म भारत भर के सीमित सिनेमाघरों में 5 सितंबर 2025 को रिलीज होगी।

18 हार्टबीट्स दो लोगों, अंश और काव्या की भावनात्मक यात्रा को दिखाती है, जो ह्ल18 हार्टबीट्सह्व से जुड़ी एक काल्पनिक थ्योरी के माध्यम से जुड़े होते हैं। यह कहानी दस साल के अंतराल पर आधारित दो समानांतर समयरेखाओं को दिखाती है, जिसमें यादें, ट्रॉमा और प्रेम समय के साथ कैसे गूंजते हैं, इस पर प्रकाश डाला गया है। फिल्म में बुलिंग, अधूरे अतीत और व्यक्तिगत उपचार जैसे विषयों को भी छुआ गया है।

इस फिल्म में अनुराग झा मुख्य भूमिका में हैं, और उनके साथ नवोदित अभिनेत्री अव्शी ठाकुर नजर आएंगी। सह-कलाकारों में सुमित मेहरा, निधि गुप्ता, हर्षदा पाटिल, हर्ष दयारमानी, रौनक चंदन और समरथा सोरते शामिल हैं। फिल्म का संगीत हर्ष चौहान और सरल चौहान ने तैयार किया है, और सिनेमैटोग्राफी हिमांशु राउत द्वारा की गई है। फिल्म में उषा आमेसर काव्या की मां की भूमिका में नजर आएंगी, जिनका किरदार कहानी के सस्पेंस को बनाए रखने के लिए जानबूझकर गुप्त रखा गया है। फिल्म का आधिकारिक ट्रेलर अब यूट्यूब पर लाइव है और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर चर्चा में आ चुका है। ट्रेलर फिल्म की भावनात्मक टोन, संगीत की झलक और दोहरी समयरेखा को प्रमुखता से दशार्ता है। नागपुर में शूट और प्रोड्यूस की गई यह फिल्म, एक टियर-2 शहर से उभरते स्वतंत्र प्रोडक्शन हाउस के लिए एक उल्लेखनीय कदम है, जो भारत के सिनेमा परिदृश्य में नया योगदान देने का प्रयास कर रहा है। फिल्म फिलहाल अपने थिएटर रिलीज के साथ-साथ फेस्टिवल सबमिशन की तैयारियों में है। प्रीमियर स्क्रीनिंग्स और आगे की डिस्ट्रीब्यूशन योजनाओं से जुड़ी जानकारी आने वाले हफ्तों में प्रोडक्शन टीम द्वारा साझा की जाएगी।

# भारत स्टील का सांसद ने किया उद्घाटन



**मोहम्मद असलम**

**लखीमपुर खीरी-** राजापुर चौकी के निकट भारत स्टील वर्क का कारखाने का उद्घाटन शुक्रवार की सुबह ग्यारह बजे उत्कर्ष वर्मा मधुर सांसद खीरी द्वारा फीता काटकर किया दुकान के संचालक आरिफ अली ने बताया की यहां पर स्टील और लोहे से जुड़ी ग्रील फैंसी दरवाजे खिड़कियां स्टील गेट रेलिंग ट्राली एल्युमिनियम के दरवाजे स्लाइडर डब्लू पी.सी आदि काम कुशल कार्यक्रम द्वारा कराया जाएगा। साथ ही इस दुकान के खुलने से क्षेत्र के लोगो को विभिन्न प्रकार की डिजाइन का लेटेस्ट सामान आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। जिससे लोगो को दूर दराज के चक्कर काटने से निजात मिल सकेगी। तथा ग्राहकों की जरुरतों का सामान किफायती दामों में मिल सकेगा। इस मौके पर आरिफ पहलवान नगर अध्यक्ष सोहराब गौरी समाजवादी पार्टी इमरान शाह विमलेश शर्मा दिलीप जोशी एडवोकेट (पत्रकार) रफाकत अली मोहमद आरिफ फुटवियर वाले नूरुद्दीन गौरी आदि लोग मौजूद रहे।

# योग्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन हेतु करें प्रेरित: जिला कलक्टर

**वेलकम इंडिया**




**धौलपुर राजस्थान।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला स्तरीय सम्मान समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लॉक, पंचायत समिति, ग्राम पंचायत, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा व्यक्तिगत श्रेणी चिकित्सकों, एएनएम और आशा सहयोगिनी भी प्रोत्साहन पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान अपने अपने उद्बोधन में जिला कलक्टर ने कहा कि विश्व में जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है बढ़ती जनसंख्या की वजह से संसाधनों की कमी होती जा रही है। जनसंख्या नियंत्रण हेतु योग्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के साधन अपनाने हेतु प्रेरित करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस पर इस वर्ष की थीमह्लमां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सहीह्व रखी गई है। इस थीम के माध्यम से महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने पर विशेष जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में जनसंख्या संतुलन, मातृत्व स्वास्थ्य और परिवार नियोजन जैसे मुद्दों पर सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा की जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के दौरान योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के साधन अपनाने हेतु प्रेरित करे। साथ ही परिवार नियोजन के उपलब्ध साधनों की जानकारी देते हुए परिवार सीमित रखने, सीमित परिवार के लाभ, प्रसवोत्तर परिवार कल्याण सेवाओ के बारे में भी अवगत करवाएं। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) डॉ. गौरव मीणा ने परिवार कल्याण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि 11 से 24 जुलाई तक आयोजित जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के दौरान जिले के चयनित चिकित्सा संस्थानों पर लाभार्थियों को स्थाई एवं अस्थाई साधनों यथा-नसबंदी, आईयूसीडी पीपीआईयूसीडी कंडोम, गोलियां अंतरा आदि की सेवाएं प्रदान की जावेगी। चिकित्सा संस्थानों पर आने वाले योग्य दंपतियों को बास्केट ऑफ चॉइसेज के बारे के बता कर उचित परामर्श प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा , जिला कार्यक्रम अधिकारी शशांक वशिष्ठ ने भी विचार रखें। परिवार कल्याण क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर किया सम्मानित डॉ. गौरव मीणा ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन के कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पंचायत समिति बसेड़ी, 6 ग्राम पंचायतो तथा व्यक्तिगत श्रेणी में 36 चिकित्सकों, एएनएम और आशा सहयोगिनी को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# पुलिस ने 4 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

सादाबाद। अवगत कराना है कि विगत रात्रि को पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार वारंटी, वांछित, एनबीडब्लू, पुरूस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा 4 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है ।

पुलिस ने अभियुक्त जाहिद उर्फ जाविद पुत्र इशाक खाँक, मनोज पुत्र ओमप्रकाश, अफसर पुत्र मौहम्मद अली और विजय पुत्र बाबूलाल समस्त निवासीगण बढार थाना सादाबाद जनपद हाथरस को जेल भेजा है।

# डीएम-एसपी ने कांवड़ यात्रा मार्गो पर भ्रमण कर शिविरों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से श्रावण मास-कांवड यात्रा की तैयारियों के दृष्टिगत कांवडियों के मुख्य रुट मार्ग सिकंद्राराऊ-मथुरा रोड आदि स्थानों का भ्रमण-निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । कावडियों के आने-जाने वाले रुट का भ्रमण किया गया तथा रुट में पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध करने हेतु व उन्हें सतर्कता के ड्यूटी करने तथा सिकंद्राराऊ से मथुरा रोड पर व हाथरस शहर के अन्दर वाले रास्ते से कांवड़ियों के आने-जाने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु चौबीस घंटे आवश्यकतानुसार पुलिस बल को तैनात करने के निर्देश दिए गये। तथा भ्रमण स्थल पर मौजूद हाइवे ऑथोरटी के अधिकारीयो को निर्देश किया गया कि मार्ग पर कावंडियो को कोई असुविधा नही हो। तथा कावडियों को सामूहिक रूप से जत्थों में रवाना करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । कैम्पों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं यथा विद्युत, पानी, स्वअल्पाहार आदि की व्यवस्था की जायेगी । एसपी ने सभी क्षेत्राधिकारी-थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों और कांवड़ियों के आने-जाने वाले रास्तों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाने व ड्यूटियों को समय-समय पर चेक करने एवं मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया।

# 55 क्वार्टर अवैध शराब के साथ पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**सादाबाद।** कोतवाली पुलिस ने अवैध शराबबंदी के खिलाफ ध्यान रखते हुए चेकिंग के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों के पास से 55 क्वार्टर बरामद किये। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सादाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर यह कार्यवाही की है। जिनके से अभियुक्त नाम बदन सिंह पुत्र नारायन सिंह निवासी नगला छत्ती भाग बिसाबर थाना सादाबाद से 25 क्वार्टर और राजवीर सिंह पुत्र वीरी सिंह निवासी नाला की नगरिया थाना सादाबाद से 30 क्वार्टर बरामद हुए हैं। इन दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाएं जैसे गंभीर मुद्दों को अपने एजेंडे में प्रमुखता से करेंगे शामिल : मानसिंह यादव

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** ग्राम अमरपुर के हनुमान मंदिर पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया. जिसमे अतिथि बीकेडी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मानसिंह यादव ने हनुमान जी के दर्शन कर सभी के लिए उज्जवल भविष्य व स्वास्थ कि कामना की . इसके उपरांत छोटी छोटी कन्याओ को भंडारे का प्रसाद खिलाया। बताते चले कि पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मानसिंह यादव राजपुर क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य कि समाजवादी पार्टी से दावेदारी कर रहे है. और लगातार क्षेत्र में जाकर लोगो से मिलकर वहाँ कि समस्याओं से रूबरू हो रहे. और आश्वाशन दे रहे कि चुनाव में विजयी होने के उपरांत ग्रामीणों कि हर समस्याओं का समाधान होगा। वही जिला पंचायत सदस्य के उम्मीदवार मानसिंह यादव का कहना है कि शिक्षा, बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाएं और ग्रामीण पलायन जैसे गंभीर मुद्दों को अपने एजेंडे में प्रमुखता से शामिल किया है. वे मानते हैं कि अगर गांवों में अच्छे स्कूल, रोजगार के अवसर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तो पलायन जैसी समस्याओं पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है. भाषणों और जनसभाओं में भी इन मुद्दों पर चर्चा देखने को मिल रही है। वही ग्रामीणों का कहना है कि जहां पहले बुजुर्ग या अनुभवी नेता चुनाव मैदान में उतरते थे, वहां अब युवा चेहरा मानसिंह यादव जनता के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहा हैं. यह परिवर्तन न केवल सामाजिक सोच को दशार्ता है, बल्कि ग्रामीण विकास की दिशा में भी एक नई उम्मीद पैदा करता है.

# अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी जेनेट जॉनसन को हराकर इमरोज ने बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण पदक

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** वीरांगना लक्ष्मीबाई की पावन धरा झाँसी जो अदम्य साहस और शौर्य के लिए जानी जाती है। आज जिले की एक बेटी इमरोज खान ने वर्ल्ड पुलिस गेम्स में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर एक बार पुनः यह सिद्ध कर दिया कि योग्यता किसी चीज की मोहताज नहीं होती है। बॉक्सिंग के खेल में इमरोज की 12 साल की यात्रा में उनकी शुरूआत झांसी से हुई थी इसके पश्चात उन्होंने रोहतक, बेंगलुरु और बाद में इंडिया कैंप में अपने खेल का प्रदर्शन किया जहां से वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई और उन्होंने चयनकताओं के फैसले को सही सिद्ध कर दिखाया। अमेरिका से लौटकर जनपद आगमन पर इमरोज खान का संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर तिलक व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत एवं प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इमरोज खान ने बताया उन्होंने अमेरिका के बर्मिंघम में 70 किलो वेट कैटेगरी में सेमी फाइनल में ब्राजील की प्रतिद्वंद्वी एवं फाइनल में अमेरिका की ही जेनेट जॉनसन को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इमरोज खान 14 वर्षों से सीआईएसफ में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ हैं और वर्तमान में हरिद्वार में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने बताया उन्हें अपने परिवार का भरपूर सहयोग मिला उनके परिवार के अधिकांश सदस्य बॉक्सिंग में ही विभिन्न स्तरों पर अपना प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता को दिया।

# बी.के.डी. का स्थापना दिवस अब कोठारी हॉल में आयोजित होगा, जोर-शोर पर तैयारियां

**वेलकम इंडिया**



**झांसी!** पुरातन छात्र समिति, बुन्देलखण्ड कॉलेज, झाँसी का कार्यक्रम अब और भव्य हो गया है। बुन्देलखण्ड कॉलेज का स्थापना दिवस एवं पुरातन छात्र सम्मान समारोह 12 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे प्रो. शेर सिंह कोठारी हॉल में विशेष साज-सज्जा के साथ भव्यता से आयोजित किया जायेगा। आज झाँसी भर की मीडिया/पत्रकारों के साथ पुरातन छात्र समिति के पदाधिकारियों ने नवीन कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए मंच, बैठक व्यवस्था, खान-पान व्यवस्था, सम्मान समारोह के लिए जोर-शोर पर आयोजन की तैयारियां की। मालूम हो कि स्थापना दिवस एवं पुरातन छात्र सम्मान समारोह पहले स्वर्ण जयन्ती सभागार में होना निश्चित हुआ था। इसी दौरान पुरातन छात्र समिति द्वारा आयोजन की भव्यता को देखते हुए जिलाधिकारी महोदय को कई वर्षों से निर्वाचन सम्बन्धी चुनाव सामग्री से भरे कोठारी हॉल को खाली कराने का मांग पत्र सौंपा था। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने तत्परता से कोठारी हॉल खाली करवा दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के प्रबन्धमंत्री मनोहर लाल बाजपेयी, अध्यक्ष डॉ. केशभान सिंह पटेल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पुरातन छात्र समिति के अध्यक्ष प्रदीप सरावगी, सचिव विवेक बाजपेयी, डॉ. सुदर्शन शिवहरे, डॉ. अरविन्द सिंह परमार, हरीश लाला, डॉ. मनमोहन मनु, प्रो. जितेन्द्र कुमार तिवारी, प्रो. एल.सी. साहू, मिलन किशोर गुप्ता, शैलेन्द्र प्रातप सिंह, चन्द्रभान राय, नितिन बाजपेयी, अमित पचौरी, श्रीमती नीलू साहू, अनुराधा सिंह, नरेश बिलाटिया, मनीराम कुशवाहा, नन्दकिशोर भिलवारे आदि उपस्थित रहे। कोठारी हॉल खाली करवाने एवं विशेष साज-सज्जा के लिए बुन्देलखण्ड कॉलेज के प्राचार्य एवं समिति के मुख्य संरक्षक प्रो. एस.के. राय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विजली बिल सुधार के लिए 17,18,19 को प्रत्येक खड मे लगेगा मेगा कैम्प

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़ ।** यूपी में विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं के हित में बड़ा फैसला लिया है। विद्युत विभाग अब ऐसे बिल जो उपभोक्ताओं को गलत मिल गये हैं, उनका सुधार करेगा। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की मंशा के अनुरूप बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गलत बिल को ठीक करने के लिये विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में मेगा कैम्प लगाये जायेंगे। उक्त कैम्पों का आयोजन प्रदेश के प्रत्येक वितरण खण्ड में 17, 18 एवं 19 जुलाई 2025 को होंगे। कैम्पों में नये संयोजन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, विधा परिवर्तन, बिल जमा करने एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों की शिकायत भी प्राप्त कर उपभोक्ता की समस्या का निराकरण किया जायेगा। यह जानकारी उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने दी। कारपोरेशन द्वारा इस सम्बन्ध में कई बार सही बिल निर्गत करने हेतु निर्देश निर्गत किये गये एवं नयी बिलिंग एजेन्सीज को भी आबद्ध किया गया। साथ ही मीटर रीडिंग में व्यवस्था की गयी। जिससे बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के अधिक से अधिक बिल रीडिंग हो सके व गलत बिल रीडिंग को कम किया जा सके। इन समस्त प्रयासों के उपरान्त भी बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं उपभोक्ताओं द्वारा गलत बिल की शिकायत प्राप्त होती रहती हैं। अतः यह निर्णय लिया गया है कि पूरे प्रदेश में बिल रिवीजन हेतु मेगा कैम्प का आयोजन वितरण खण्ड के स्तर पर किया जायेगा। उक्त मेगा कैम्प का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों यथा स्थानीय समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, एफ.एम. रेडियो, जनप्रतिनिधियों से संवाद, जनसम्पर्क, मुनादी इत्यादि से कराया जायेगा जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता उक्त का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अभियान के सन्दर्भ में सभी अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। अभियान के लिये अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) नोडल अधिकारी होंगे। मेगा कैम्प में प्रत्येक शिकायत का पंजीकरण 1912 हेल्पडेस्क पर सुनिश्चित किया जायेगा एवं शिकायतकर्ता एवं आवेदनकर्ता का सही विवरण अंकित किया जायेगा। बिल रिवीजन हेतु कार्यवाही एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जायेगा। बिल रिवीजन के उपरान्त एक बिल रिवीजन मेमो स्वतः जनरेट होगा, जिसे प्रत्येक उपभोक्ता अपने ऑन लाइन अकाउण्ट में देख सकता है। कैम्पों का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक किया जायेगा। अधिशासी अभियंता (वितरण), उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक अभियंता (मीटर) अपने अधीनस्थों सहित कैंप में उपस्थित रहेंगे तथा उपभोक्ताओं को कोई असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करेंगे। अधिशासी अभियंता (परीक्षण), अधीक्षण अभियंता (वितरण) तथा मुख्य अभियंता (वितरण) अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित कैम्पों का भ्रमण कर उक्त अभियान की सफलता सुनिश्चित करेंगे। कैम्पों का आयोजन व उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण कराने का उत्तरदायित्व विद्युत वितरण निगम के निदेशक (वाणिज्य) तथा उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के निदेशक (वाणिज्य), को सौंपा गया हैं।

# भाजपा के पूर्व सांसद ने सुनी जन समस्याएं



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर के भाजपा कार्यालय पर पूर्व सांसद ने नगर एवं क्षेत्र के लोगों की जन समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराया इस दौरान भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। शुक्रवार को भाजपा के रेलवे मार्ग स्थित कार्यालय पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी पहुंचे कार्यकताओं ने फूलमालाओं के साथ उनका स्वागत किया। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने जन चौपाल लगाकर नगर एवं क्षेत्र के लोगों की जन समस्याओं को सुना। इस दौरान नगर के कई सभासदों एवं नगर के लोगों ने पालिका परिषद पर भ्रष्टाचार एवं सफाई व्यवस्था समय पर नहीं करने सहित आदि कई आरोप लगाए। पूर्व सांसद ने उप जिलाधिकारी से फोन पर वार्ता कर संबंधित मामलों के निपटारा करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कई लोगों ने विद्युत विभाग की शिकायत करते हुए छापेमारी के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया। पूर्व सांसद ने जनसुनवाई के दौरान भाजपा सरकार में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष डॉ रश्मिका जैन, अशोक चौधरी, प्रतिभा उर्फ सिमरन, आकाश जैन, कृष्णपाल सहित आदि मौजूद रहे।

# पशुपालकों को नि:शुल्क चरी और लोबिया का बीज वितरण किया




**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर वाराणसी में शुक्रवार को अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन योजना के अंतर्गत पांच पशुपालकों को चरी और लोबिया का बीज वितरण किया गया।इस वितरण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ नवीन कुमार सिंह, केंद्र की पशुपालन वैज्ञानिक श्रीमती पूजा सिंह, वैज्ञानिक डॉ श्री प्रकाश सिंह, डॉ अमितेश सिंह, डॉ प्रतिक्षा सिंह, डॉ राहुल सिंह और डॉ मनीष पांडेय भी उपस्थित रहे। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ नवीन कुमार सिंह कहा कि लोबिया और चरी पशुपालकों के पशुओं के लिए हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा और साथ ही साथ उनके पशुओं के दूध उत्पादन और स्वास्थ्य को भी बनाए रखने में मदद करेगा।पूजा सिंह, केंद्र की पशुपालन वैज्ञानिक ने पशुपालकों से चरी और लोबिया को अपने खेतों में लगाने के लिए कहा जिससे कि पशुओं को हरा चारा मिल सके और पशुओं का अच्छा पोषण हो सके। हरा चारा पशु के लिए बहुत ही पौष्टिक है क्योंकि इसमें प्रोटीन और मिनरल्स की भरपूर मात्रा है साथ ही साथ यह पशुओं के दूध उत्पादन और स्वास्थ्य स्थिति को भी बनाए रखने में भी सहायता करते हैं।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रुप से आगामी श्रावण मास के दृष्टिगत बिड़हरघाट का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने आगामी श्रावण मास, जलाभिषेक के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था हेतु संयुक्त रुप से जनपद में स्थित बिड़हरघाट, शिव मंदिर का निरीक्षण किया ।शिव मंदिर में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं / कांवरियों की सुरक्षा एवं मेला स्थल का निरीक्षण किया ।शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत मंदिर मेला प्रबंधन व उपस्थित अधि0/कर्मचारीगण से वार्ता किया । उन्होंने श्रावण मास/कांवड़ यात्रा में कावड़ियों/शिव भक्तों के सुरक्षित आवागमन, रूट डायवर्जन, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं सहित कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने के दृष्टिगत सम्बंधित बिन्दुओं पर सम्बंधित अधिकारियों से तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय, व0उ0नि0 थाना धनघटा राम वशिष्ठ, पीआरओ पुलिस अधीक्षक दुर्गेश पाण्डेय सहित पुलिस व राजस्व के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार घायल



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे की पूर्वी यमुना नहर पटरी पर बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन की चपेट में अगर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी वसीम पुत्र मुर्तजा शुक्रवार को अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से पूर्वी यमुना नहर पटरी से होते हुए शामली जा रहा था। बाइक सवार युवक जैसे ही सिंचाई विभाग के डाक बंगले के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार घायल की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने हादसे की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने तत्काल प्रभाव से घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता रैली, परिवार नियोजन के लिए लोगों को किया जागरूक

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ तहसील प्रांगण में विश्व जनसंख्या दिवस पर विशेष जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को श्यामधनी राही विधायक कपिलवस्तु एवं डुमरियागंज सासंद प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल द्वारा तहसील नौगढ़ से जागरूता प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली तहसील से होकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ़ पर सम्पन्न हुआ।

पीएचसी अधीक्षक डॉ. अनूप जायसवाल ने परिवार नियोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दो बच्चों के बीच उचित अंतर रखना मां और बच्चे दोनों के लिए जरूरी है। उन्होंने परिवार नियोजन के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी। अस्थाई विकल्पों में पुरुषों के लिए कंडोम और महिलाओं के लिए कॉपर-टी, माला-एन टैबलेट और अंतरा इंजेक्शन सीएचसी या पीएचसी पर उपलब्ध हैं। स्थाई विकल्प के रूप में महिला और पुरुष नसबंदी की सुविधा भी उपलब्ध है। सरकार इसके लिए प्रोत्साहन राशि भी प्रदान करती है। कार्यक्रम मे उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 प्रमोद कुमार, डा0 संजय गुप्ता, एमओआईसी नौगढ़ डा0 अनूप जायसवाल, मान सिंह, शत्रुध्न यादव, रवि चौधरी,आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कावड़ यात्रा को शांति पूर्वक कराने के लिए बैठक आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कावड़ यात्रा को शांतिपूर्वक कराने के लिए नगर पालिका सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका परिषद के कर्मचारी, सभासद एवं थाना प्रभारी निरीक्षक और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कावड़ यात्रा को शांतिपूर्वक कराने के लिए शासन, प्रशासन ने पूर्ण रूप से तैयारी कर रखी है। सावन मास प्रारंभ होते ही कांवड़ियों का भी हरिद्वार से गंगाजल लाने का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने नगर एवं क्षेत्र के लोगों से सहयोग की अपील की। और कहा की कावड़ यात्रा में किसी तरह की बाधा उत्पन्न ना की जाए बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने कावड़ यात्रा को शांतिपूर्वक कराने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया हुआ है। सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर है। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम के भाई बदरुल इस्लाम ने कहा कि पालिका प्रशासन ने कावड़ यात्रा को शांतिपूर्वक कराने के लिए पूर्ण इंतजाम कर रखे हैं। पालिका की ओर से बिजली पानी की व्यवस्था की गई है। साफ सफाई के लिए विशेष कर्मचारियों की तैनाती की गई है। मंदिरों और शिवालियों पर सफाई कर्मचारियों की 24 घंटे तैनाती कर दी गई है। रात्रि कालीन रोशनी की समुचित व्यवस्था एवं प्राथमिक चिकित्सा शिविर भी लगाए गए हैं। कावड़ यात्रा में शिव भक्तों को किसी तरह की कोई भी परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान शांति समिति की बैठक में सभासद गण एवं नगर के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# सिंभावली थाने में तैनात दरोगा को साइबर ठगों ने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन ऑनलाइन एप के जरिए बनाया ठगी का शिकार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**




हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/साइबर ठगों के द्वारा सिंभावली थाने में तैनात दरोगा को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन ऑनलाइन एप के जरिए अपनी ठगी का शिकार बनाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पीड़ित दरोगा ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। बता दे कि सिंभावली थाने में तैनात पीड़ित दरोगा कृष्ण ने अपनी तहरीर में उल्लेख किया है कि उसने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन अपने फोन में ऐप लोड किया।इसके उपरांत उसके फोन पर एक युवती का फोन आया। और युवती अपने आपको प्रधानमंत्री मुद्रा लोन एप से संबंधित प्रतिनिधि बताते हुए दरोगा जी को गाइड करना शुरू कर दिया। और एप चालू रखने को लेकर दरोगा जी से ?2000 की पेमेंट मांगी गई। जिसमे दरोगा जी ने अपने फोन से ?2000 की भुगतान कर दी। उसके कुछ देर बाद दरोगा जी को 4 लाख रुपए का लोन पास होने की सूचना युवती के द्वारा दी गई। सूचना के बाद अलग-अलग बहाने बनाकर जैसे की बीमा, फाइल चार्ज, को लेकर साईबर ठगों के द्वारा दरोगा जी से 13200 की ठगी कर ली गई। जब दरोगा जी से बार-बार पैसे मांगे जाने लगे तो दरोगा जी को अपने साथ ठगी होने का शक हुआ। जिसको लेकर दरोगा जी ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। वही इस मामले को लेकर साईबर सेल टीम साइबर ठगों की तलाश में जुटी हुई है।

# हज यात्रियों के लिए फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** हज 2026 पर जाने वाले हाजियों के लिए फॉर्म भरने की तारीख हज कमिटी आफ इंडिया इंडिया द्वारा सात जुलाई 2025 से प्रारंभ कर दी गई है। यह फॉर्म ऑनलाइन भरा जा रहा है और हज कमिटी आफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जो लोग जनपद से हज पर जाना चाहते हैं वह हज कमिटी आफ इंडिया की वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड कर और उसे भरकर फीस के साथ जमा कर सकते हैं। बताते चले कि फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2025 तय की गई है। अतः तमाम जायरीन जो हज पर जाना चाहते हैं वह दी गई समय अवधि के अंदर अपने फार्म भरकर जमा कर दें। फॉर्म भरने से पहले उसमें दी गई तमाम जानकारी अच्छी तरह से पढ़कर ही फॉर्म भरें। फार्म किसी कंप्यूटर सेंटर से भरकर भी जमा कराए जा सकते हैं।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर चेयरमैन रविकांत शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए की दीघार्यु की कामना

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



**हापुड़(दिल्ली)** विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के संस्थापक एवं राष्ट्रपति पदक विभूषण से सम्मानित स्व पं० मांगेराम शर्मा ने अपने बेहद करीबी केंद्रीय रक्षामंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री यूपी राजनाथ सिंह को 74 वे जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य और दीघार्यु होने की कामना की है। ब्राह्मण संघ (भारत)के चेयरमैन रविकांत शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता पं० सोमदत्त शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव संजय शर्मा, एडवोकेट सुप्रीमकोर्ट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा, यूपी कार्यकारी अध्यक्ष पं० माया प्रकाश शर्मा, यूपी उपाध्यक्ष पं० गोपाल शर्मा, प्रदेश कानूनी सलाहकार पं० नरेश चंद शर्मा, डॉ देवेन्द्र वशिष्ट सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी शुभकामनाएं दी। चेयरमैन रविकांत शर्मा ने बताया कि केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से हमारे परिवार के सदस्यों और विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) से काफी करीबी बिल्कुल पारिवारिक जैसे सम्बंध रहे हैं संस्थापक परम श्रद्धेय स्व पं० मांगे राम शर्मा जी के कार्यकाल में राजनाथ सिंह ने कई बार ब्राह्मण समाज के सम्मेलनों को मुख्य अतिथि के रूप मे संबोधित किया है ! विश्व ब्राह्मण संघ के समस्त पदाधिकारियों एव कार्यकताओं की तरफ से जन्मदिन पर उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# प्रेमी को घर बुलाया शादी करने की ज़िद पर अडी विवाहित महिला

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बा निवासी एक महिला ने रात्रि के समय पति व ससुरालियों के सो जाने पर घर पर अपने प्रेमी को बुला लिया। शक होने पर महिला के ससुराल व मोहल्ले के लोगों ने रंगे हाथ प्रेमी युवक व महिला को पकड़ लिया। और 112 पुलिस को मौके पर बुलाकर पुलिस के हवाले कर दिया महिला प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड गई मामला चर्चा का विषय बना रहा। मुजफ्फरनगर के कस्बा शाहपुर निवासी एक युवती की शादी दो वर्ष पूर्व कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक युवक के साथ हुई थी। जानकारी के अनुसार युवती का प्रेम प्रसंग शादी से पूर्व ही बुढ़ाना निवासी युवक के साथ चल रहा था। शादी हो जाने पर भी युवती का प्रेम प्रसंग जारी रहा गुरुवार की मध्य रात्रि विवाहिता ने पति एवं ससुरालयों के सो जाने के बाद अपने प्रेमी को अपनी ससुराल में बुला लिया। शक होने पर महिला के पति व सुरालियों ने प्रेमी युवक एवं विवाहिता महिला को रंगरेलियां मनाते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। मोहल्ले में शोर शराबी की आवाज सुनकर मोहल्ले के दर्जनों लोग भी जमा हो गए और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पकड़े गए प्रेमी युवक ने बताया कि वह जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा बुढाना का निवासी है। और महिला के साथ उसका प्रेम प्रसंग पांच वर्षों से चल रहा है।डायल 112 पुलिस प्रेमी जोड़े को लेकर थाने पहुंची। शुक्रवार सवेरे विवाहित महिला के मायके पक्ष के लोग भी थाने पहुंच गए विवाहित महिला मायके पक्ष और ससुरालयों के समक्ष अपने प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड गई। विवाहित महिला ने थाने पर घंटों ड्रामा किया खबर लिखे जाने तक महिला अपने प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड़ी थी। मामले में किसी भी पक्ष ने थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी थी। मामला नगर में चर्चा का विषय बना रहा ।

# पशुधन प्रसार अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ सफलतापूर्वक समापन

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर वाराणसी पर पशुधन प्रसार अधिकारियों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंड से 25 पशुधन प्रसार अधिकारियों ने प्रतिभाग किया और ₹दूध में मूल्य संवर्धन₹ विषय आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूर्ण किया।कार्यक्रम में सम्मिलित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि कैसे दूध में मूल्य संवर्धन करके किसान अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। जब किसानों के पास अत्यधिक दूध हो तो उसका विभिन्न प्रकार के डेयरी उत्पाद बनाकर अधिक दामों में बेच सकते हो और अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। पशुधन प्रसार अधिकारी जो कि किसानों के साथ डायरेक्ट संपर्क में रहते हैं किसानों को जागरूक करने में, उनका टेक्निकल सपोर्ट करने में सहायता कर सकते हैं। साथ ही साथ अगर किसानों को किसी भी तरह की समस्या आ रही हो पशुधन प्रसार अधिकारी उन्हें संबंधित विभाग से जोड़कर उनकी समस्या का समाधान करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।केंद्र की पशुपालन वैज्ञानिक पूजा सिंह ने पशुधन प्रसाद अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसमें भारत में डेयरी और दूध उत्पादन का परिदृश्य, विभिन्न प्रकार के डेयरी उत्पाद जिनको दूध से बनाया जा सकता है और ज्यादा समय तक सुरक्षित भी रखा जा सकता साथ ही साथ जिससे किसानों को अधिक मुनाफा भी मिल सके। साथ ही साथ इस पर भी चर्चा हुई कि कैसे मूल्य संवर्धन और विपणन पशुपालन के पांच स्तंभों में से एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. राहुल सिंह ने बताया कि फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन से कैसे किसानों को जोड़कर, किसान एक साथ मिलकर अपना स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं और दूध से विभिन्न प्रकार के उत्पाद बना सकते हैं। इससे उन्हें विभिन्न सरकारी स्कीमों की भी मदद मिल सकती है साथ ही साथ उन्हें टेक्निकल सपोर्ट भी विभिन्न संस्थाओं से प्राप्त हो सकता है। इस कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश सिंह, डॉ. अमितेश सिंह, डॉ. प्रतिक्षा सिंह और डॉ. मनीष पांडेय उपस्थित रहे।केंद्र की शिवानी सिंह ने रजिस्ट्रेशन करने और अन्य गतिविधियों में प्रतिभाग किया।

# हिस्ट्रीशीटर आबिद उसके बेटे और भाइयों समेत पांच पर लगी गैंगस्टर

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**



**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र में वर्षों से खौफ और दहशत का पर्याय बन चुके आबिद अली गैंग के खिलाफ आखिरकार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर दी है। इस कार्रवाई के चलते गैंग लीडर आबिद अली समेत उसके भाई, बेटे और साथियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने इस गिरोह को एक संगठित आपराधिक गैंग करार देते हुए इसकी पूरी कुंडली खंगाल ली है। थाना सीबीगंज के प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार की अगुवाई में गठित पुलिस टीम जब कांवड़ यात्रा के दौरान इलाके में गश्त कर रही थी, तभी कुछ स्थानीय लोगों ने इस गिरोह की करतूतों की जानकारी दी।पुलिस की जांच में सामने आया कि थाना सीबीगंज के अटरिया गांव का रहने वाला आबिद अली अपने भाई वाजिद अली, बेटे सोहिल अली और दो अन्य नासिर अली व अमीर शाह के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह चला रहा था।ये लोग इलाके में दबंगई, मारपीट, धमकी, रंगदारी और हमला जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे थे। जिसको लेकर सीबीगंज थाना पुलिस ने गुरुवार रात वाजिद अली और अमीर शाह को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया, वहीं गैंग लीडर आबिद अली पहले से ही जेल में बंद है। आबिद अली ने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी लगाई थी, लेकिन कोर्ट ने उसे हिस्ट्रीशीटर मानते हुए याचिका खारिज कर सुप्रीम कोर्ट भेज दी। अब जमानत की एकमात्र उम्मीद वही बची है।पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह इतने आतंक का पर्याय बन चुका था कि कोई भी उनके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं करता था। डर के मारे कोई व्यक्ति इनके खिलाफ थाने में बयान तक नहीं देता था। गैंग का सरगना आबिद अली खुद दर्जनों मुकदमों में हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ हत्या, लूट, अपहरण, रंगदारी और असलहेबाजी के गंभीर मामले दर्ज हैं। गैंग के बाकी चार सदस्य वाजिद अली, नासिर अली, सोहिल अली और अमीर शाह पर भी एक से बढ़कर एक संगीन मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या की साजिश, रंगदारी, सरकारी कार्य में बाधा, जानलेवा हमला, गोवध, पशु क्रूरता और साइबर अपराध तक शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ तैयार गैंग चार्ट को जिलाधिकारी को भेजा था। मंजूरी मिलते ही गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। अब इनके खिलाफ संपत्ति कुर्की और अन्य कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी है। सीबीगंज थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया है कि इस गिरोह की गतिविधियां इलाके में लगातार बढ़ रही थीं।

# रामपुर गार्डन में कारोबारी के टिनशेड में चल रहे ब्लिंकिट गोदाम पर बीडीए ने लगाई सील

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**

**बरेली।** रामपुर गार्डन में एक बड़े कारोबारी द्वारा बनाए गए टिनशेड में चल रहे ब्लिंकिट गोदाम पर शुक्रवार को बीडीए ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सील ठोक दी। बीडीए की टीम ने साफ किया कि बिना मंजूरी के किसी भी तरह का निर्माण अब नहीं चलेगा। वीसी बीडीए डॉ. मनिकंदन ए ने बताया कि कारोबारी शिव कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. महेन्द्र शरण अग्रवाल ने कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बाग इलाके में 500 वर्ग मीटर में टिनशेड खड़ा कर व्यवसाय शुरू कर दिया था।

इस निर्माण के लिए न तो बीडीए से कोई नक्शा पास कराया गया था और न ही अनुमति ली गई थी। शुक्रवार को बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार की अगुवाई में अवर अभियंता अजीत कुमार साहनी, संदीप कुमार और प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए गोदाम और टिनशेड को सील कर दिया। बीडीए अफसरों ने साफ कहा है कि बिना स्वीकृति के बने निमार्णों को अब किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। जिलेभर में ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। अगर कोई बिना नक्शा पास कराए निर्माण करता है तो उसका भवन ध्वस्त भी किया जा सकता है। प्राधिकरण ने लोगों से अपील की है कि मकान या दुकान खरीदते समय यह जरूर जांच लें कि वह संपत्ति बीडीए से पास है या नहीं। नक्शे की मंजूरी और जरूरी कागजों की पुष्टि किए बिना कोई सौदा न करें, वरना बाद में परेशानी उठानी पड़ सकती है।

# एक सुखी जीवन बिताने एवं विकसित परिवार के लिए परिवार का छोटा होना बहुत ही जरूरी -डॉ मधु गुप्ता

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**



**बरेली।** अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज में विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एडी हेल्थ डॉक्टर साधना अग्रवाल, डिविजनल प्रोग्राम मैनेजर शाहिद हुसैन, मंडलीय अर्बन हेल्थ कंसल्टेंट डॉक्टर गंगा शरण, मंडलीय फैमिली प्लानिंग मैनेजर नीतेश कुमार एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाने का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को जनसंख्या नियंत्रण के विषय में जागरूक करना है एवं परिवार नियोजन की विभिन्न सामग्री के बारे में जानकारी प्रदान करना है। क्योंकि आज के दौर में एक सुखी जीवन बिताने एवं विकसित परिवार के लिए छोटा परिवार का होना बहुत ही महत्वपूर्ण है ताकि समग्र परिवार का विकास किया जा सके। इस अवसर पर एडी हेल्थ डॉक्टर साधना अग्रवाल द्वारा नव विवाहित जोड़ों को शगुन किट देकर उन्हें परिवार नियोजन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कराई गई। इसी क्रम में विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की तरफ से इंटर स्कूल चित्रलेखन प्रतियोगिता भी करवाई गई। जिसमें इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की चार्टर प्रेसिडेंट डॉक्टर मधु गुप्ता की तरफ से समीक्षा को प्रथम एवं तन्वी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की तरफ से अफ़ज़ा, अनीता, सुनीता, वैशाली, सुरभि पाठक, कमलेश वैश्य, ज्योति, ललिता के साथ अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज के हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह, सरिता कुमारी, रजनी, मनु राजपूत, एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# काउंसलिंग से सुलझा पारिवारिक विवाद, दो दंपति फिर साथ रहने को हुए सहमत

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के महिला सैल/परिवार परामर्श केंद्र में वैवाहिक विवादों का समाधान संवेदनशीलता के साथ किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को दो दंपतियों ने आपसी मतभेद के समाधान हेतु केंद्र में पहुंचकर पारिवारिक विवादों को सुलझाने की इच्छा व्यक्त की। परामर्श केंद्र की प्रभारी व काउंसलर टीम द्वारा दोनों पक्षों की समस्याओं को शांतिपूर्वक सुना गया। गहन काउंसलिंग और समझाइश के उपरांत दोनों दंपतियों ने बीती बातों को भुलाकर एक साथ पुनः जीवन जीने का निर्णय लिया। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से सुलह करते हुए कहा कि वे अब नवजीवन की नई शुरूआत कर प्रेमपूर्वक और सौहार्द के साथ जीवनयापन करेंगे। परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी व परामर्शदाताओं ने दंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पारिवारिक जीवन में धैर्य, संवाद और विश्वास की भावना आवश्यक है। दोनों दंपतियों ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की गलतफहमी को संवाद के माध्यम से सुलझाया जाएगा। महिला सैल की यह पहल एक सकारात्मक उदाहरण है कि यदि सही मार्गदर्शन और संवाद हो, तो सबसे जटिल रिश्तों में भी सुलह और विश्वास का संचार संभव है।

# बरेली में पुरुष भी विधवा पेंशन का ले रहे लाभ, सरकारी योजनाओं की रकम को लेकर हुआ बड़ा खुलासा


**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**




**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से सरकारी योजनाओं में चल रहे एक बड़े घोटाले का पदार्फाश हुआ है, यहां गरीबों और जरूरतमंदों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का पैसा बेईमानी से हड़प किया जा रहा है। इस घोटाले की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि राम सिंह, यशपाल और रविंद्र जैसे पुरुषों को भी कथित तौर पर विधवा पेंशन का लाभ मिल रहा है। यह जालसाजी केवल विधवा पेंशन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ये लोग किसान सम्मान निधि और अन्य सरकारी योजनाओं के पैसों पर भी हाथ साफ कर रहे हैं। यह सनसनीखेज घोटाला बरेली की जिला सहकारी बैंक की फरीदपुर शाखा में हुए गबन की जांच के दौरान सामने आया है। शुरूआती पड़ताल में यह पता चला है कि करीब ढाई से तीन हजार महिलाओं के नाम पर फर्जी तरीके से विधवा पेंशन डाली जा रही थी। इस प्रकरण को लेकर जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक देवेंद्र सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच से यह स्पष्ट हो गया है कि इन खातों में न केवल विधवा पेंशन, बल्कि किसान सम्मान निधि और वृद्धावस्था पेंशन की रकम भी आ रही थी। इन घोटालेबाजों के खातों में एक से अधिक आधार कार्ड जुड़े हुए पाए गए। इस खुलासे से साफ तौर पर पता चलता है कि इसमें सिर्फ बैंक के कर्मचारी ही नहीं बल्कि सरकारी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हैं जो इन योजनाओं को संचालित कराते हैं। सत्यापन के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

# बिजली विभाग के लगाये हुए नए खंभे सफेद हांथी से कम नही

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**



**बरेली।** बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए हालांकि बिजली विभाग ने अपनी टीम को युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश अभी कुछ दिन पहले ही जारी किए थे, जिन निदेर्शों के सापेक्ष स्पष्ट कहा गया था कि किसी भी क्षेत्र में झूलने वाले बिजली के तारों की वजह से पैदा होने वाली तकनीकी समस्याओं को बारिश से पहले ही दुरुस्त कर लिया जाए, ताकि कोई भी दुर्घटना इन बिजली के तारों या खभों की वजह से उत्पन्न ना हो सके। बावजूद इसके बिजली विभाग की तमाम तकनीकी टीम और अधिशासी अभियंता इस पर कोई गौर नहीं कर रहे हैं जबकि मानसून लगभग आ ही चुका है। सीबीगंज क्षेत्र में तमाम ऐसे नये बिजली के खंभे स्थापित किए गए हैं, जिनसे बिजली के तारों को नहीं जोड़ा जा सका है। पुराने खंभे पूरी तरीके से नीचे से गल चुके हैं और आंधी पानी की वजह से आसपास के मकानों से टिके हुए हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण मकान पूरी तरीके से सीलन पकड़ चुके हैं, ऐसे में उन मकानों से टिके हुए बिजली के तार और खंभे कभी भी एक बड़ी घटना का को न्यौता दे सकते हैं। इन लोहे के खम्भों को नीचे से व्यक्ति की ऊंचाई से अधिक तक पन्नी से ढकने के निर्देश भी पूर्व में जारी किए गए थे, लेकिन आज भी ये लोहे के खंभे ऐसे ही बिना पन्नी के आपको दिखाई पड़ ही जाएंगे।

# चरणाश्रम में धूमधाम से सम्पन्न हुआ गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**वृन्दावन।** परिक्रमा मार्ग/वंशीवट क्षेत्र स्थित पंचायती महानिवार्णी अखाड़ा चरणाश्रम में श्रीगुरु पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।जिसके अंतर्गत देश के विभिन्न प्रांतों से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं ने महामंडलेश्वर डॉ. सत्यानंद सरस्वती महाराज (अधिकारी गुरुजी) का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया।साथ ही उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

चरणाश्रम के अध्यक्ष महामंडलेश्वर डॉ. सत्यानंद सरस्वती महाराज (अधिकारी गुरुजी) ने समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि मनुष्य को प्रभु की प्राप्ति के लिए सदगुरुदेव भगवान का आश्रय लेना चाहिए।सदगुरुदेव का आश्रय पाए बिना प्रभु की भक्ति और कृपा पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नदी को पार करने के लिए नाव का सहारा होता है,उसी प्रकार भवसागर से पार जाने के लिए केवल सदगुरुदेव भगवान का ही सहारा होता है।सदगुरु ही हमारे जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर हमारे हृदय में ज्ञान का प्रकाश प्रज्वलित करते हैं।इसीलिए वेद और पुराणों में भी सदगुरु की महिमा का विस्तार से बखान किया गया है। महोत्सव में पधारे प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सत्यानंद सरस्वती महाराज अधिकारी गुरुजी सेवा की प्रतिमूर्ति हैं।वे नर सेवा को ही नारायण सेवा मानते हैं।वे निर्धन, निराश्रितों, दीन-दुखियों एवं असहायों की सेवा पूर्ण निष्ठा, निस्वार्थ भाव और समर्पण के साथ कर रहे हैं। पूज्य महाराजश्री समूचे वृन्दावन में डॉक्टर बाबा के नाम से प्रख्यात हैं। इससे पूर्व श्रीयमुना महारानी का पंचामृत से अभिषेक किया गया।साथ ही भजनानंदी संतों व माताओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह यादव (रेवाड़ी) राकेश भार्गव, सोनू यादव, मेजर महुश महंती, डी.आई.जी. रामकृष्ण पटनायक, डॉ. स्वागतिका देहरा, मुरली अग्रवाल, दीना पण्डित, संजू अग्रवाल, सुरेश पाण्डेय (दाऊजी), रविकांत गौतम, डॉ. राधाकांत शर्मा, भगवान दास चौधरी आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।महोत्सव का समापन साधु, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

# गिरते पुल, ढहती ज़िम्मेदारियाँ: बुनियादी ढांचे की सड़न और सुधार की जरूरत

वडोदरा में पुल गिरना कोई अकेली घटना नहीं, बल्कि भारत के जर्जर होते बुनियादी ढांचे की डरावनी सच्चाई है। पुरानी संरचनाएं, घटिया सामग्री, भ्रष्टाचार और निरीक्षण की अनुपस्थिति – यह सब मौत को दावत दे रहा है। राजनीतिक घोषणाएं तो बहुत होती हैं, लेकिन टिकाऊ निर्माण और जवाबदेही की योजनाएँ नदारद हैं। अब वक़्त है कि सरकार केवल निर्माण नहीं, निरीक्षण और संरक्षण को भी प्राथमिकता दे। वरना पुल ही नहीं, जनता का भरोसा भी बार-बार ढहेगा। विकास सिर्फ रफ्तार नहीं, मजबूत नींव और ज़िम्मेदारी मांगता है – जो अभी बहुत कमजोर है।

वडोदरा में 40 साल पुराने पुल का हालिया ढहना न केवल एक स्थानीय त्रासदी है, बल्कि यह पूरे भारत के बुनियादी ढांचे की बिखरती हकीकत की नुमाइश है। ऐसे हादसे अब चौंकाते नहीं, बल्कि लगातार दोहराए जाने वाले सिस्टम फेल्योर के आदतन प्रमाण बन चुके हैं। हर बार हादसे के बाद वही रटे-रटाए बयान, वही दिखावटी जांच कमेटी, और फिर वही खामोशी – जब तक अगला पुल न गिर जाए। भारत विकास के पथ पर दौड़ रहा है, लेकिन इस दौड़ में जिन सड़कों, पुलों और इमारतों पर यह प्रगति टिकी है, वे खुद कब की चरमराने लगी हैं। सवाल यह नहीं कि वडोदरा में पुल क्यों गिरा, सवाल यह है कि देशभर में ऐसे कितने और पुल गिरने की कगार पर हैं और हमने अब तक उनसे क्या सीखा? भारत में बीते एक दशक में सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के ढहने की घटनाओं की एक लंबी सूची है। 2016 में कोलकाता का विवेकानंद फ्लाईओवर निर्माण के दौरान ही गिर गया, जिसमें 27 लोगों की जान गई। 2018 में वाराणसी में एक पुल का हिस्सा ढहने से कई लोग मारे गए। 2022 में गुजरात के मोरबी में केबल ब्रिज गिरने से 130 से अधिक लोग मारे गए। और अब 2024 में वडोदरा में पुल गिरा। इससे पहले बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल और असम में भी पुल ढहने की घटनाएं हुई हैं। इन हादसों का पैटर्न स्पष्ट है – पुरानी संरचना, घटिया निर्माण सामग्री, लचर निरीक्षण व्यवस्था और पूरी तरह से अनुपस्थित जवाबदेही। भारत के अधिकांश पुल, इमारतें और सार्वजनिक संरचनाएं 30 से 60 साल पहले बनी थीं। उस समय न तो जलवायु परिवर्तन की मार इतनी तीव्र थी, न ही ट्रैफिक और जनसंख्या का भार इतना अधिक। परंतु इन्हें कभी समय रहते मरम्मत नहीं मिली। बन गया तो बन गया की मानसिकता ने इन ढांचों को धीरे-धीरे मौत के कुएं में बदल दिया।



डॉ. सत्यवान सौरभ

टेंडर प्रक्रिया में सबसे कम बोली लगाने वाले ठेकेदार को ठेका देना, फिर उसी ठेकेदार का बजट काटना, सस्ती सामग्री का उपयोग करना – यह सब इतना आम हो चुका है कि हम इसे भ्रष्टाचार मानना ही भूल गए हैं। यह एक संस्थागत भ्रष्टाचार है जिसमें प्रशासन, ठेकेदार और कभी-कभी राजनेता भी शामिल होते हैं। क्या कभी आपने किसी पुल के पास बोर्ड देखा है जिस पर लिखा हो – यह पुल अंतिम बार कब जांचा गया था? शायद ही कभी। कारण स्पष्ट है – निरीक्षण नाम की प्रक्रिया कागजों में सिमट चुकी है। टेक्नोलॉजी का युग होने के बावजूद भारत के पास कोई केंद्रीकृत पुल स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में असामान्य बारिश, बाढ़, अत्यधिक गर्मी और भूकंप जैसी घटनाओं में तेजी आई है। लेकिन हमारे अधिकांश ढांचों का डिजाइन इन नई चुनौतियों को ध्यान में रखकर नहीं हुआ था। कमजोर नींव, जल निकासी की खराब व्यवस्था और भूस्खलन की अनदेखी इसका परिणाम है। भारत में बुनियादी ढांचे को राजनीतिक स्टंट के रूप में तो खूब इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन दीर्घकालीन संरचनात्मक मजबूती की कोई गंभीर योजना शायद ही कहीं देखी जाती है। फिट फॉर फोटो परियोजनाएं बनती हैं, जो जल्दी ढह भी जाती हैं। हर साल सरकारें इंफ्रास्ट्रक्चर पर हजारों करोड़ का बजट पास करती हैं। पुल निर्माण, सड़क विस्तार, शहरी आवास योजना जैसी परियोजनाओं में भारी निवेश होता है। लेकिन यह बजट वास्तव में कहाँ जाता है? यदि पुल गिर रहा है तो इसका मतलब है कि या तो बजट जमीनी स्तर तक पहुँचा ही नहीं, या उसका दुरुपयोग हुआ। भारत में अब विकास की चर्चा अर्थव्यवस्था की रफ्तार से नहीं, गिरने वाले पुलों की संख्या से होनी चाहिए। अगर हमें भारत को सुरक्षित, सतत और सशक्त बनाना है तो हमें बुनियादी ढांचे की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी ही होगी। बीस साल से अधिक पुराने सभी पुलों, इमारतों, फ्लाईओवर आदि का हर तीन वर्ष में एक बार स्वतंत्र संरचनात्मक परीक्षण अनिवार्य किया जाए। इसके निष्कर्ष सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध हों। एक स्वतंत्र राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा निरीक्षण प्राधिकरण का गठन किया जाए जो केवल निरीक्षण, रेटिंग और रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार हो। इसकी रिपोर्ट सरकार के हस्तक्षेप से मुक्त हो। पुलों में कंपन, भार, तापमान आदि की निगरानी के लिए सेंसर लगाए जाएं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली किसी भी अनियमितता पर तुरंत चेतावनी दे सकती है।

# महिला स्वच्छता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था उत्थान फाउंडेशन द्वारा समर फील्ड पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में महिला स्वच्छता जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की लगभग 100 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अभियान के अंतर्गत छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता, व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियाँ दी गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व विशेषज्ञ वक्ता डॉ. कविता शर्मा (स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किशोरावस्था में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बालिकाओं के आत्मविश्वास एवं शारीरिक सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संस्था समाज के विभिन्न वर्गों में विशेष रूप से किशोरियों एवं महिलाओं के बीच निरंतर इस प्रकार के जागरूकता अभियान चलाती रही है। संस्था की वरिष्ठ सदस्य अलका चौधरी एवं ज्योति रानी ने सभी छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरित किए जाने की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक उमेश शर्मा एवं सुमन शर्मा भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की प्राचार्या डॉ. रश्मि ग्लोरी के दिशा-निर्देशन में हुआ।



# अपर पुलिस आयुक्त ने कावड़ मार्ग का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया





**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** दिल्ली मेरठ मुख मार्ग पर श्रद्धालु शिवभक्तों-कांवड़ियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। कांवड़ यात्रा को सुरक्षित व निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस, प्रशासन ने कमर कस ली है। अपर पुलिस आयुक्त ने शुक्रवार को कावड़ मार्ग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गाजियाबाद के अपर पुलिस आयुक्त (एडिशनल कमिश्नर पुलिस) आलोक प्रियदर्शी ने दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर मुरादनगर गंग नहर, मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कादराबाद अबुपुर तक कांवड़ मार्ग का सघन निरीक्षण कर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए।आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि मोदीनगर में कांवड़ मार्ग पर 50 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। राज चौपले के निकट बनने वाले कंट्रोल रूम के माध्यम से कांवड़ियों की पूर्ण सुरक्षा का जायजा लिया जाएगा। प्रत्येक वीट में पांच पुलिस कर्मी रहेंगे। वीट उपनिरीक्षक व पुलिसकर्मी अपने-अपने वीट क्षेत्र की प्रत्येक गतिविधि पर निगाह रखेगा तथा उच्चाधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से जानकारी देता रहेगा। इस दिशा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सुरक्षा व सुविधा की दृष्टि से मोदीनगर क्षेत्र को 14 वीट में विभक्त किया गया है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा के अनुसार कांवड़ यात्रा के दौरान मेरठ-दिल्ली मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से असामाजिक तत्वों की समाज विरोधी गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखी जाएगी।

# गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में हुए कई आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आज गुरूवार को कई जगह आयोजित कार्यक्रमों में गुरू की महिमा प्रतिपादित की गई तथा उनकी पूजा उनका सम्मान किया गया। कहीं पर गुरू को भाग्य विधाता बताया गया, तो कहीं पर गुरू का स्थान सर्वोपरी बताया गया। यहां दिल्ली-मेरठ मार्ग पर स्थित कर्मचारी यूनियन कार्यालय में आयोजित गुरू पूर्णिमा पूजन कार्यक्रम में श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्यास ढिंढाला (मेरठ) के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरू पं0 अशोक शास्त्री ने कहा कि सच्चा गुरू ही युवाओं में सामाजिक चेतना तथा राष्ट्रीय भावना को जागृत करता है। गुरू की महिमा अपरमपार है। अतः सच्चे गुरूओं, संतो तथा समाज सुधारकों का सम्मान होना ही चाहिए।इस अवसर पर गुरूमाता-संतोष शर्मा, देवेंद्र गर्ग, शशिप्रभा, प्रिंस कंसल, विशाल गुप्ता, सुदेश कौशिक, नताशा गोयल, संगीता दारूका, श्रीकृष्ण गोयल, दीपक सहित अन्य कई श्रद्धालुजन मौजूद थे। वयोवृद्ध शिक्षक का सम्मान- एक अन्य कार्यक्रम में विख्यात हनुमंत कथा मर्मज्ञ पं0 अरविंद्र भाई ओझा ने 81 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक एवं सच्चिदानंद पंत शिक्षा सेवी को एक प्रतिमा सम्मान स्वरूप भेंटकर उनको सम्मानित किया। श्री ओझा जी ने कहा कि माता-पिता तो जन्म व कर्म के साथी हैं, लेकिन सच्चा गुरू तो भाग्य विधाता है। कबीर वाणी से उदघृत एक दोहे- ह्यह्यगुरू गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाए। बलिहारी गुरू आपने, गोविंद दियो बताय।। के माध्यम से ओझा जी ने गुरू का स्थान भगवान से भी ऊंचा बताया। धार्मिक ग्रंथों में वर्णित गुरू परम्परा से ही भारत पुनः विश्व गुरू का दर्जा प्राप्त कर सकता है।

# वाल्मीकि पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वाल्मीकि पार्क, गोविंदपुरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पर्यावरणीय पहल में लगभग 30 पौधे रोपे गए, जो प्रकृति के संरक्षण और स्वच्छ भविष्य की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास है।इस कार्यक्रम में मोदीनगर की विधायक श्रीमती मंजू शिवाच, अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्रा तथा मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर तथा लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्षा डॉ. शालिनी नैयर के नेतृत्व में यह आयोजन नारी शक्ति और पर्यावरण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बना। इस अवसर पर मोदीनगर चेयरमैन की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा वैशाली जी, मधु सिंघल, हर्षिता चौधरी, गीता मोहन अरोड़ा, अंजलि सचदेवा, डॉ. सुषमा त्यागी, विशाखा मित्रा, लिपाक्षी, मीनू त्यागी, सपना, मीना ,ऋतु कपूर, प्रवीण आनंद, कोमल शर्मा, रोजी, नीता गोयल, अनिता शर्मा, रुचि गुप्ता सहित कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विशेष बात यह रही कि अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर डॉ. शालिनी नैयर ने वृक्षारोपण और प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेकर इस दिन को और भी अर्थपूर्ण बना दिया, जो समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि जन्मदिवस जैसे खास अवसरों को भी हम पर्यावरण को समर्पित कर सकते हैं।





# मेडिकल प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर शिवांक यादव व रंजीत कुमार को सम्मानित किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** आदर्श नगर मोदीनगर में एक स्वागत कार्यक्रम सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित किया गया इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर छात्र शिवांक यादव व रंजीत कुमार पाल को सम्मानित किया गया इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष पीयूष यादव उर्फ रिंकू प्रधान, ललित त्यागी पार्षद, शिव अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, जीत सिंह, अनुज यादव, अरुण शर्मा, सुधांशु यादव, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे सभी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# व्हाट्सएप चैटबोट से घर बैठे मिलेगी डिजिटल जानकारी, नहीं काटने पड़ेंगे आरटीओ कार्यालय के चक्कर

ए आरटीओ - मनोज कुमार

परिवहन विभाग द्वारा सेवाओं को डिजिटाइजेशन किया जा रहा है आरटीओ ऑफिस में मिलने वाली सेवाएं जैसे ड्राइविंग लाइसेंस बनाना, ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू कराना, आरसी ट्रांसफर और ड्राइविंग लाइसेंस के लिए स्लॉट बुक करना, आदि सेवाओं को आधुनिक करने पर काम किया जा रहा है।इसी क्रम में कुछ सेवाएं फेसलेस कर दी गई है जिससे जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े और आरटीओ कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े।





गाजियाबाद एआरटीओ मनोज कुमार ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि व्हाट्सएप चैट बोट शुरू किया गया है जिसके माध्यम से जनता परिवहन विभाग की जानकारी 24 * 7 घर बैठे ले सकती हैं। परिवहन विभाग द्वारा बहुत सी सेवाएं फेसलेस की जा चुकी हैं और बाकी सेवा भी भविष्य में फेसलेस होने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जनसुविधा केंद्र खोलने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि विभाग की तीन प्रमुख प्राथमिकताएं हैं, फेसलेस, इंफोर्समेंट, सड़क सुरक्षा और जनसेवा, जिन पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। व्हाट्सएप चैटबोट सेवा का नंबर-8005441444, जिस पर नागरिक वाहन से जुड़ी जानकारी, ड्राइविंग लाइसेंस, अपॉइंटमेंट आदि सुविधाएं आसानी से पा सकते हैं।

# राष्ट्रीय हिंदू मोर्चा ने कि जनसंख्या नियंत्रण, समान नागरिक संहिता, राष्ट्रीय नागरिक पंजिका और वक्फ बोर्ड समाप्त करने की मांग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देश को एकरूप और सशक्त $कानूनी ढांचे की ओर ले जाने की मांग अब सड़कों तक पहुंच चुकी है। राष्ट्रीय हिंदू मोर्चा ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर जनसंख्या नियंत्रण कानून, समान नागरिक संहिता, राष्ट्रीय नागरिक पंजिका और वक्फ बोर्ड को समाप्त करने की चार प्रमुख मांगों को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। धरने का नेतृत्व कर रहे संगठन के महानगर अध्यक्ष रिंकू त्यागी ने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि यदि समय रहते जनसंख्या नियंत्रण पर ठोस कानून नहीं बना, तो देश सामाजिक और आर्थिक अराजकता की ओर बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि जल, भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं सीमित हैं और जिस तेजी से जनसंख्या बढ़ रही है, वह देश की आधारभूत संरचना को डगमगाने के कगार पर पहुंचा रही है। राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र त्यागी ने समान नागरिक संहिता को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया और कहा कि एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता के लागू होने से न केवल समानता और एकता को बल मिलेगा, बल्कि स्त्री-पुरुष न्याय और सामाजिक समरसता भी मजबूत होगी।

# व्यापारी नेता सतेन्द्र गुप्ता को 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर दी शुभकामनाएं



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** व्यापारी नेता सतेन्द्र गुप्ता की 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर तहसील के सामने स्थित एएक्सएन रिसोर्ट में आयोजित एक भव्य समारोह में पहुंचे क्षेत्र के व्यापारियों, समाजसेवियों, चिकित्सकों सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने सतेंद्र गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी को बधाई दी तथा भविष्य में और भी अधिक सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। गोविंदपुरी निवासी व्यापारी नेता एएक्सएन बैटरी व इनवर्टर प्रतिष्ठान के स्वामी सतेन्द्र गुप्ता की शादी की 25वीं सालगिरह पर सतेंद्र गुप्ता द्वारा बुधवार को तहसील के सामने स्थित अपने होटल एएक्सएन रिसोर्ट के सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सत्येंद्र गुप्ता के निमंत्रण पर पहुंचे क्षेत्र के व्यापारियों, चिकित्सकों, समाजसेवियों, मीडिया कर्मियों, सगे संबंधियों आदि ने सत्येंद्र गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी को पुष्प गुच्छ के अलावा उपहार आदि भेंट कर वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई दी। इस दौरान सत्येंद्र गुप्ता के बच्चों के अलावा मित्रों एवं सगे संबंधियों ने डीजे की धुन पर जमकर धमाल मचाया। बधाई देने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, वरिष्ठ समाजसेवी विजय मेहरा, पत्रकार अनिल वशिष्ठ, पत्रकार अनवर खान, पत्रकार राकेश शर्मा, पत्रकार बीना अग्रवाल, डॉ अनिल गर्ग, वरिष्ठ रालोद नेत्री महिला रोग विशेषज्ञ डॉ पूनम गर्ग, सभासद रजनीश चौधरी, एड राजकुमार गुप्ता, व्यापारी नेता धर्मेंद्र चौधरी, संजय गुप्ता, महेश तायल, आशीष बिश्नोई, बिट्टू बिश्नोई, प्रमोद ठाकुर, प्रदीप शर्मा, राकेश शर्मा, अनिल जैन, राकेश गोयल, विजेंद्र गुप्ता, सपा नेता पुनीत वर्मा, पीयूष गुप्ता, विशाल भारद्वाज आदि शामिल थे।

## श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी (रजि.) संजय नगर

# रामकथा की मर्यादा हेतु प्रदीप चौधरी ने दिया त्यागपत्र बोले संघर्ष नहीं, समाधान चाहिए, समर्पण चाहिए

वेलकम इंडिया

- आत्मसंयम और मर्यादित व्यवहार ही श्रीराम के आदर्शों का पालन है।
- प्रदीप चौधरी ने अपना त्यागपत्र श्रीराम के चरणों में समर्पित करते हुए यह आह्वान किया

**गाजियाबाद।** श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी (रजि.) संजय नगर से जुड़े पूर्व महामंत्री एवं सक्रिय पदाधिकारी प्रदीप चौधरी ने आज श्रावण मास के पहले दिन अपने घोषित पद से त्यागपत्र देकर श्रीरामलीला की गरिमा को सर्वोपरि मानते हुए एक प्रेरणादायक पहल की है।

**प्रदीप चौधरी ने अपने संदेश में कहा कि:** रामलीला कोई मंच या मेला भर नहीं, यह मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की स्मृति और जनभावनाओं की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है। जब मंचन से अधिक चर्चा आपसी टकराव, जातीय ध्रुवीकरण और गुटबाजी की होने लगे, तब यह आत्ममंथन का समय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह त्याग कोई पराजय नहीं, बल्कि एक आत्मिक विजय है – अपने स्वार्थ, अहम और पक्षधरता पर। उन्होंने अपील की कि रामलीला समिति से जुड़े सभी सदस्य संविधानिक प्रक्रिया, समिति के बायलॉज और लोकसम्मान की मयार्दा में रहकर ही निर्णय लें। अब समय है कि श्रीरामलीला 2025 को निर्विवाद, भव्य और जनभावनाओं के अनुरूप बनाने हेतु हम सभी अपने-अपने खेमे और अहंकार त्यागकर एकमत हो जाएं। संविधानिक चुनाव ही हर विवाद का एकमात्र सम्मानजनक समाधान है। उन्होंने कहा कि मीडिया में जिस प्रकार के विवादात्मक समाचार सामने आ रहे हैं – जैसे ₹फूल वालों की रामलीला में इस बार चलेंगे एक दूसरे पर भगवा तीर₹ – वे अत्यंत पीड़ादायक हैं और रामकथा की मयार्दा के प्रतिकूल हैं। ऐसे में आत्मसंयम और मर्यादित व्यवहार ही श्रीराम के आदर्शों का पालन है। प्रदीप चौधरी ने अपना त्यागपत्र श्रीराम के चरणों में समर्पित करते हुए यह आह्वान किया कि रामकथा को मंच तक सीमित न रखें, उसे अपने आचरण में उतारें।



# भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के गठन का ऐलान, आनंद चौधरी बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** ग्रामीण भारत में लगातार सामने आ रहीं किसान-मजदूरों की समस्याओं और प्रशासनिक उपेक्षा के विरुद्ध अब संगठित स्वर मुखर होने जा रहा है। किसानों की घटती जमीन, फसलों की मूल्यहीनता, शिक्षा का पिछड़ापन और ग्रामीण इलाकों में तेजी से फैलते शहरीकरण की चुनौतियों से जूझ रहे समाज को एक मजबूत प्लेटफॉर्म देने के उद्देश्य से भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के नाम से एक राष्ट्रीय संगठन की नींव रखी गई है।

शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से इस संगठन की औपचारिक घोषणा की गई, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि यूनियन का मकसद जाति, धर्म और राजनीति से ऊपर उठकर गांव, खेत और खलिहान की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर उठाना है। संगठन का वादा है कि वह अन्याय और अत्याचार के हर मामले में मजबूती से आंदोलन करेगा और समाज के हर वर्ग को उसके अधिकारों के लिए जागरूक करेगा। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की पहली सूची जारी की गई। आनंद चौधरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष, कुंवर अयूब अली एडवोकेट को मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता, अजय प्रमुख को राष्ट्रीय महासचिव, सोनवीर सिंह को मुख्य कोषाध्यक्ष, प्रवीण चौधरी व धर्मेंद्र चौधरी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जल्द ही संगठन का ग्राम, ब्लॉक, तहसील, जिला, मंडल व प्रदेश स्तर पर विस्तार किया जाएगा ताकि हर क्षेत्र में जनआंदोलन की आवाज को धरातल पर उतारा जा सके। प्रेस वार्ता में क्षेत्र के नामचीन सामाजिक और राजनीतिक चेहरे भी शामिल रहे, जिन्होंने नए संगठन को अपना समर्थन देते हुए इसकी आवश्यकता पर बल दिया। इनमें राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के अध्यक्ष सचिन सरोहा, भूपेंद्र एडवोकेट, संदीप चौधरी, संजय त्यागी, डॉ. राजपाल तोमर, हाजी आसिफ, चौ. कर्मवीर, इंद्रपाल, उमेश चौधरी, मोहित चौधरी, प्रितपाल खोसला, रणवीर प्रधान, संजय खुटैल, आशु मलिक, गुड्डू चौधरी, हरेंद्र भिकनपुर, विपिन चौधरी, राजू पार्षद, तरुण रावत, वीरपाल अटौर, मनोज प्रधान सहित सैकड़ों ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर संगठन को ताकत दी। भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) न सि$र्फ किसानों और मजदूरों की आवाज बनेगा, बल्कि आने वाले समय में ग्रामीण भारत के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य को नई दिशा देने का दावा कर रहा है।

# गुरु पूर्णिमा के पर्व पर हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश मंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह तोमर से कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात




**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद:** सनातन धर्म में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊपर बताया गया है और भारत जैसे प्राचीन संस्कृति के देश में गुरु को महत्वपूर्ण माना गया है, महाभारत में अर्जुन ने द्रौणाचार्य को गुरु के रूप में अपना सब कुछ समर्पित कर दिया था, उसी परंपरा का भारत में आज निर्वाह किया जाता है जहां एक शिष्य अपने जीवन की हर कामयाबी को अपने गुरु को समर्पित करता है, इसी कड़ी में हिन्दू युवा वाहिनी के उत्तर प्रदेश मंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह तोमर से सुबह से ही उनके कार्यकताओं का मिलना लगा रहा जिसमें हिन्दू युवा वाहिनी गाजियाबाद के महानगर उपाध्यक्ष गौरव नंदा और गाजियाबाद के नंदग्राम मंडल अध्यक्ष राहुल वर्मा क्षत्रिय भी प्रदेश मंत्री से आशीर्वाद लेने मेरठ स्थित उनके आवास पहुंचे।

# जाम से निजात के लिए गाजियाबाद यातायात पुलिस ने लागू किया विशेष डायवर्जन प्लान

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** सावन के पहले सोमवार को दूधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए उमडे वाली भीड़ को देखते हुए गाजियाबाद यातायात पुलिस ने बड़ा ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि मंदिर के आसपास किसी भी वाहन को खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी, वहीं घंटाघर फ्लाईओवर के नीचे से गुजरने वाला संपूर्ण यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हर साल सावन के पहले सोमवार को गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लाखों श्रद्धालु दूधेश्वरनाथ मंदिर पर जल चढ़ाने आते हैं। मंदिर से लेकर घंटाघर फ्लाईओवर के नीचे तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग जाती हैं। ऐसे में जाम से बचाव और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद पुलिस ने व्यापक




डायवर्जन और पार्किंग प्रबंध किए हैं। घंटाघर फ्लाईओवर के नीचे से होकर हापुड़ तिराहा और मेरठ तिराहा की ओर जाने वाले सभी हल्के और भारी वाहन अब फ्लाईओवर के ऊपर से ही भेजे जाएंगे। हापुड़ तिराहा से घंटाघर की ओर तथा विजयनगर से दूधेश्वरनाथ मंदिर की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं को मंदिर तक पैदल ही पहुंचना होगा। इसके लिए प्रशासन ने तीन प्रमुख दिशाओं से आने वालों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की है।

# जनसंवाद और जमीनी निरीक्षण से चमकी कार्यशैली

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिसिंग को संवेदनशीलता और तत्परता की नई पहचान देने वाले अधिकारियों में नगर क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (आईपीएस) धवल जायसवाल का नाम तेजी से सामने आ रहा है। पुलिस आयुक्त के निर्देशों के तहत डीसीपी धवल जायसवाल न केवल अपने कार्यालय में आमजन से सीधे संवाद कर रहे हैं, बल्कि कानून-व्यवस्था और धार्मिक आयोजनों को लेकर भी स्वयं फील्ड में उतर कर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत पुलिस प्रशासन को जनोन्मुखी और सक्रिय बनाने की दिशा में नगर क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल की कार्यशैली एक सशक्त उदाहरण बनकर उभर रही है। एक ओर वह अपने कार्यालय में आमजन की शिकायतों को न केवल पूरी गंभीरता से सुन रहे हैं, बल्कि दूसरी ओर कांवड़ यात्रा जैसे बड़े धार्मिक आयोजन को लेकर स्वयं



फील्ड में उतरकर व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा भी कर रहे हैं। यह दोहरी सक्रियता गाजियाबाद पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को नई मजबूती दे रही है। पुलिस उपायुक्त (आईपीएस) धवल जायसवाल ने बताया कि पुलिस और जनता के बीच संवाद ही विश्वास की सबसे मजबूत नींव है। हमारी प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को न्याय और सुरक्षा समयबद्ध और संवेदनशील तरीके से मिले। जन शिकायतों का समाधान केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रशासनिक जिम्मेदारी और नैतिक उत्तरदायित्व है। कांवड़ यात्रा जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में हमारी भूमिका केवल व्यवस्था बनाने तक सीमित नहीं रहती, यह हमारे लिए सेवा का अवसर होता है। श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा, सुरक्षा और सम्मान का अनुभव मिले इसके लिए हम पूरे फोर्स के साथ सतर्क और सक्रिय हैं। हमारा प्रयास है कि गाजियाबाद पुलिस आमजन की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरी उतरे और जन-विश्वास की मिसाल बने। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर नगर डीसीपी धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं।

# डिजिटल अभियान से लेकर पन्ना प्रमुख तक, मंडल स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुटी पार्टी



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** भाजपा ने आगामी चुनावों को लेकर अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता में नेहरू नगर स्थित कार्यालय पर एक अहम चुनाव प्रबंधन बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख सुभाष शर्मा, सह प्रमुखों और सभी 20 मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती को चुनावी विजय की नींव मानते हुए 'मजबूत बूथ- मजबूत जीत' के मंत्र को केंद्रीय बिंदु बनाया गया। बैठक के उपरांत मयंक गोयल ने स्पष्ट किया कि भाजपा बूथ समिति, पन्ना प्रमुखों और विस्तारकों के माध्यम से जमीनी स्तर पर अपने संगठन को और अधिक सक्रिय व संगठित कर रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी अब डिजिटल रणनीति, डेटा विश्लेषण और सोशल मीडिया अभियानों के सहारे प्रत्येक मतदाता तक सीधा जुड़ाव बनाएगी। मयंक गोयल ने कहा कि भाजपा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से जुड़ाव के साथ-साथ ₹जन संवाद यात्रा₹ और ₹मोदी के मन की बात₹ जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक जनसमर्थन जुटा रही है। उन्होंने कहा कि विरोधी दलों की नकारात्मक राजनीति और झूठे वादों का तथ्यात्मक जवाब देने के लिए पार्टी पूरी तरह तैयार है।

## मासूम की दरिंदगी भरी कहानी: दो युवकों ने किशोर को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा

**गाजियाबाद।** इंसानियत को झकझोर देने वाली एक वारदात में फरीदनगर कस्बे के रहने वाले किशोर मोहम्मद अहमद को दो युवकों ने कथित रूप से बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा। पीड़ित के बड़े भाई सलमान ने बताया कि गुरुवार की रात अचानक मोहम्मद अहमद घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसे काफी देर तक ढूंढा और अंततः वह सड़क पर अकेला और रोते हुए मिला। जब उससे कारण पूछा गया तो उसने बताया कि कस्बे के ही राशिद और साजिद ने उसे जबरन पकड़कर कहीं बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट की।

किशोर की मानसिक स्थिति काफी खराब थी और उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

# कांवड़ यात्रा के दौरान मिलेगी हर परेशानी पर तुरंत मदद, व्यवस्थाएं चाक-चौबंद

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** श्रावण मास की शुरूआत के साथ ही कांवड़ यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है। हरिद्वार, गंगोत्री और अन्य तीर्थ स्थलों से गंगाजल लेकर शिवभक्तों का कारवां शिवरात्रि के दिन गाजियाबाद सहित अन्य शहरों में शिवालयों की ओर बढ़ रहा है। इस विशाल धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए गाजियाबाद प्रशासन ने जिस मुस्तैदी से तैयारियां की हैं, उसकी जिले भर में सराहना हो रही है। जनपद के जिलाधिकारी दीपक मीणा के नेतृत्व में प्रशासनिक मशीनरी लगातार सक्रिय है। उन्होंने न केवल जिले के संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया, बल्कि पूरे कांवड़ मार्ग पर यातायात, चिकित्सा, सुरक्षा




और आपात सेवाओं की निगरानी के लिए 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम स्थापित कराए हैं। इस बार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि जिले के छह प्रमुख स्थानों पर हेल्पलाइन नंबर और प्रशासनिक शिविर बनाए गए हैं, जो हर पल श्रद्धालुओं की सहायता के लिए तैयार हैं। हर कंट्रोल रूम के साथ एक वरिष्ठ अधिकारी की तैनाती की गई है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया तत्काल और असरदार हो सके। डीएम दीपक मीणा ने कांवड़ यात्रा को केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जन-आस्था का पर्व बताते हुए कहा कि हर श्रद्धालु का सम्मान और सुविधा हमारी प्राथमिकता है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि वह पूरी श्रद्धा और सुरक्षा के साथ अपनी यात्रा पूर्ण कर सके। प्रशासन द्वारा की गई व्यापक तैयारियों में स्वास्थ्य केंद्र, एंबुलेंस, पेयजल व्यवस्था, मार्ग चिन्ह, मोबाइल टॉयलेट्स, महिला सुरक्षा दल और निगरानी जैसी कई व्यवस्थाएं शामिल हैं। इसके अलावा ट्रैफिक डायवर्जन और वैकल्पिक रूट की समय से पहले घोषणा कर जनता को जागरूक किया गया है। जनता और श्रद्धालुओं के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास का वातावरण बना है। सोशल मीडिया पर कई श्रद्धालुओं ने डीएम दीपक मीणा और उनकी टीम की त्वरित कार्यशैली और सेवा भावना की खुले शब्दों में प्रशंसा की है।

## सरकारी स्कूलों के विलय पर भड़का शिक्षक संघ: घर-घर दस्तक देकर जुटा रहे जनसमर्थन

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों को एकीकृत करने के फैसले के खिलाफ जिले में विरोध की लहर तेज हो गई है। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस फैसले को शिक्षा व्यवस्था के लिए नुकसानदेह बताते हुए अब मैदान में उतरकर जन समर्थन जुटाने की रणनीति अपना ली है। शुक्रवार से संघ ने घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर उनकी राय जानने और हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। शिक्षक संघ का कहना है कि यह निर्णय केवल शिक्षकों को ही नहीं, बल्कि सबसे अधिक प्रभावित बच्चों और उनके अभिभावकों को करेगा। संघ के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि प्रदेश स्तर पर चल रहे विरोध अभियान के तहत गाजियाबाद में भी जनमत संग्रह की शुरूआत की गई है।

# छापामार कार्रवाई में 53 लोग पकड़े गए, दर्जनों घरों की बिजली काटी गई

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** बिजली चोरी को लेकर अब विद्युत विभाग पूरी तरह सख्त हो गया है। मुरादनगर क्षेत्र में चलाए गए दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत बिजली निगम की टीम ने 53 बिजली चोरों को रंगे हाथों पकड़कर उनके कनेक्शन काट दिए। कार्रवाई के दौरान कई लोगों ने अपने घर-दुकान में ताले डालकर मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन टीम पहले से सतर्क थी। अभियान की शुरूआत निगम ने ग्रामीण क्षेत्रों से की, जहां रावली, काकड़ा, सुरानी जैसे गांवों में 150 से अधिक घरों पर छापेमारी की गई। स्थानीय अवर अभियंता (जेई) के नेतृत्व में पहुंची टीम ने बारीकी से जांच की और बिजली चोरी करते पकड़े गए उपभोक्ताओं पर कड़ी आर्थिक जुमार्ना भी लगाया। टीम की सक्रियता से हड़कंप की स्थिति रही। कई घरों में चोरी की गई बिजली का उपयोग बड़े स्तर पर हो रहा था, जिसे मौके पर ही बंद करा दिया गया। टीम के अनुसार, इन उपभोक्ताओं ने बिना वैध कनेक्शन के महीनों से बिजली का उपयोग कर रहे थे। इस विशेष अभियान के दौरान बिजली निगम ने बकायादार उपभोक्ताओं से भुगतान की अपील भी की। अधिकारियों ने कहा कि बिजली चोरी और बकाया भुगतान को लेकर समय-समय पर इस तरह की छापामार कार्रवाई की जाती रहेगी, ताकि अनुशासित उपभोग और राजस्व वसूली सुनिश्चित की जा सके।

# पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी समेत तीन शातिर गिरफ्तार, इंटरनेशनल ब्रांडेड घड़ी व अवैध असलहे बरामद

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच और थाना इंदिरापुरम पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय चादर गैंग के शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी और थाना इंदिरापुरम पुलिस ने शुक्रवार तड़के इस कार्रवाई में गैंग के 50 हजार के इनामी वांछित अपराधी दीपक कुमार समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो को मुठभेड़ के दौरान गोली भी लगी। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से इंटरनेशनल ब्रांड मोवाडो बोल्ड की चोरी की गई घड़ी, अवैध असलहे और चाकू बरामद हुए हैं। यह वही गिरोह है जिसने पिछले वर्ष




थाना इंदिरापुरम क्षेत्र के प्रतिष्ठित साई क्रिएशन शोरूम में करोड़ों रुपये की घड़ियों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों ने शटर के सामने चादर तानकर अंदर घुसकर सटीक और योजनाबद्ध तरीके से चोरी की थी, जिससे पूरे जिले में हड़कंप मच गया था। घटना के तत्काल बाद से ही गाजियाबाद पुलिस इस गिरोह के पीछे थी। गिरफ्तार किए गए बदमाशों में दीपक कुमार, सिराज मियां और करण कुमार शामिल हैं। मुठभेड़ के दौरान दीपक और सिराज को पैर में गोली लगी है और दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पूछताछ में बदमाशों ने पूरे देश में घूम-घूमकर चोरी करने की बात स्वीकार की है। उनका तरीका बेहद शातिराना और पेशेवर था—शटर के आगे चादर तानना, कोडवर्ड में संवाद करना, आसपास के शहरों में मजदूर बनकर रहना और फिर रेकी कर वारदात को अंजाम देना। चोरी के बाद ये सभी नेपाल बॉर्डर की ओर भाग जाते थे, जहां चोरी का माल भी खपाया जाता था। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने कहा कि यह गिरफ्तारी गाजियाबाद पुलिस के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इन पेशेवर अपराधियों के मंसूबे एक बार फिर नाकाम हुए हैं।

# यशोदा मेडिसिटी में देश का अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित



**वेलकम इंडिया**

**नई दिल्ली/गाजियाबाद।** भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं को वैश्विक स्तर की आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम ने रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। न्यूनतम इनवेसिव देखभाल और उन्नत शल्य चिकित्सा प्रशिक्षण को समर्पित इस अत्याधुनिक केंद्र की स्थापना यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने इंट्यूटिव के सहयोग से की है, जो विश्व स्तर पर सर्जिकल रोबोटिक्स में अग्रणी है। इस प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं कॉर्पोरेट मामलों के राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा और उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर चिकित्सा जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं। इंट्यूटिव की कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिरियम क्यूरेट ने कहा कि आधुनिक उपकरणों और सर्जन प्रशिक्षण की सुव्यवस्था, रोगियों के लिए बेहतर परिणाम सुनिश्चित करती है।

## फामेर्सी पाठ्यक्रमों की मान्यता में देरी को लेकर गहरी चिंता

**गाजियाबाद।** प्रदेश की तकनीकी शिक्षा प्रणाली को सशक्त और व्यावहारिक बनाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फेडरेशन ऑफ उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक गाजियाबाद में संपन्न हुई।

**Name of Change**

मैं, Anil Gupta पुत्र Shri Dwarka Prasad Gupta ने अपना नाम Anil Gupta से बदलकर Anil Kumar Gupta कर लिया है। अबसे मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए Anil Kumar Gupta के नाम से जाना जाएगा।